दैनिक हिन्दी अख़बार
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
# सच बेधड़क
वर्ष: 2 | अंक: 322 | जयपुर, मंगलवार, 31 अक्टूबर, 2023 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष- तृतीया, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### LOC पर घुसपैठ की कोशिश, एक आतंकी ढेर



**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए एक आतंकी को मार गिराया। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि केरन सेक्टर के जुमागुंड इलाके में घुसपैठ की कोशिश रविवार रात को विफल कर दी गई। सोमवार सुबह इलाके की तलाशी के दौरान एक आतंकी का शव बरामद किया गया। अधिकारियों के मुताबिक इलाके में तलाश अभियान लगातार जारी है।

### बेंगलुरु के एक गैराज में खड़ी 22 बसें जली



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में सोमवार को एक गैराज में आग लगने से वहां खड़ी 22 निजी बसें जल गईं। पुलिस ने बताया कि आग उस समय लगी, जब वीरभद्र नगर में गैराज में खड़ी बस में से एक में वेल्डिंग का काम किया जा रहा था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, 'प्रारंभिक जांच के अनुसार, संभवतः वेल्डिंग मशीन से निकली चिंगारी के कारण आग लगी होगी। बाद में आग गराज में खड़ी अन्य बसों तक फैल गई, जिससे भारी नुकसान हुआ।'

## ये भी देखें...

पेज-2: CM के खिलाफ शिकायत
पेज-3: लॉकर उगल रहे काला धन!
पेज-4: चालक-हेल्पर जिंदा जले
पेज-9: एलीट मिस राजस्थान इवेंट
पेज-10: ओटिस में 48 की मौत

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**राजस्थान विधानसभा चुनाव:** प्रत्याशियों के नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू... जांच होगी 7 नवंबर को

# प्रदेश में पहले दिन 8 उम्मीदवारों ने दाखिल किए 9 नामांकन

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में सोमवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई। इससे पूर्व विधानसभा चुनाव-2023 के लिए अधिसूचना जारी हुई। हालांकि पहले दिन ज्यादा प्रत्याशियों ने रुचि नहीं दिखाई और प्रदेश में 8 विधानसभा क्षेत्रों में 8 उम्मीदवारों ने 9 नामांकन पत्र दाखिल किए। राज्य में पहले दिन 7 उम्मीदवारों ने श्रीगंगानगर, गढ़ी, भीलवाड़ा, बहरोड़, बानसूर, नोखा और चौरासी क्षेत्रों में 1-1 और घाटोल में एक उम्मीदवार ने 2 नामांकन पत्र दाखिल किए।

### जयपुर शहर और जिले में किसी ने नहीं भरा नामजदगी पर्चा



#### प्रत्याशी समर्थकों के साथ पहुंचे आवेदन पत्र लेने

जयपुर में पहले दिन 19 विधानसभा क्षेत्रों में एक भी नामांकन नहीं भरा गया। अलबत्ता, पहले दिन नामांकन के आवेदन फॉर्म लेने के लिए काफी संख्या में प्रत्याशी समर्थकों के साथ पहुंचे। पर्चे दाखिल नहीं होने के कारण सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक रिटर्निंग अधिकारी प्रत्याशियों का इंतजार करते हुए नजर आए। बताया जा रहा है कि ज्यादातर प्रत्याशी शुभ मुहूर्त में अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

### अभी टिकट का भी इंतजार

पहले दिन कम नामांकन आने का मुख्य कारण भाजपा और कांग्रेस के सभी उम्मीदवार घोषित नहीं होना और सोमवार को शुभ मुहूर्त का नहीं होना है। माना जा रहा है कि बुधवार और गुरुवार को ज्यादा नामांकन पत्र दाखिल होंगे। वहीं भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशियों की सूची आना भी बाकी हैं। कांग्रेस को अभी 105 और भाजपा के 76 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा होना बाकी हैं, जो भी बुधवार व गुरुवार तक घोषित हो सकते हैं।

### पर्चा भरने की अंतिम तिथि 6 नवंबर

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश की सभी 200 विधानसभा सीटों के लिए सोमवार को चुनाव कार्यक्रम की अधिसूचना जारी होने के बाद लोक सूचना चस्पा कर दी गई है। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 नवंबर है। जबकि रविवार (5 नवंबर) को नामांकन पत्र दाखिल नहीं किए जा सकेंगे। नामांकन प्रक्रिया सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगी। नामांकन प्रपत्रों की जांच 7 नवंबर को होगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 9 नवंबर है।

### खर्चे पर नजर

नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही निर्वाचन आयोग अभ्यर्थी के चुनाव खर्चों पर निगरानी शुरू कर देगा। इस बार एक प्रत्याशी को चुनाव खर्च के लिए 40 लाख की लिमिट दी है। प्रत्याशियों को चुनाव खर्च का लेखा-जोखा रखने के लिए एक अलग से बैंक खाता भी खुलवाना होगा। गुप्ता ने बताया कि नामांकन दाखिल करते समय सामान्य अभ्यर्थी को 10 हजार रुपए और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी को 5 हजार जमानत राशि जमा करानी होगी।

**कांग्रेस की चौथी सूची का काउंटडाउन:** चार घंटे चली सीईसी की बैठक

# 75 सीटों को लेकर चला लंबा मंथन, 30 ऑन होल्ड

### ईडी पर बरसे गहलोत, कहा... केंद्र के इशारे पर हो रही है छापेमारी




**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों के चयन को लेकर दिल्ली में बैठक भी हुई। करीब चार घंटे तक चली इस बैठक के बाद भी कांग्रेस की चौथी सूची सामने नहीं आ सकीं। बताया जा रहा है कि चार घंटे तक चली इस बैठक में बकाया 105 सीटों में से 75 पर मंथन हुआ, शेष सीटें ऑन होल्ड हैं। अलबत्ता, नामों पर पूर्ण सहमति नहीं बनने के कारण अब मंगलवार को फिर सीईसी की बैठक होगी।

कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गौरव गोगोई, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, सीएम अशोक गहलोत और कई अन्य नेताओं की मौजूदगी में यह बैठक हुई। बताया जा रहा है कि सीईसी में 75 सीटों पर विमर्श हुआ। करीब 30 सीट अभी भी होल्ड हैं। अब मंगलवार को फिर होने वाली बैठक में कुछ सीटों पर पुनर्विचार किया जाए और हर हाल में जिताऊ उम्मीदवार को टिकट मिलेगा। कुछ सीटों को लेकर राहुल गांधी की नाराजगी भी सामने आई और उन्होंने इन सीटों पर दोबारा चर्चा करने को कहा।

### ईडी के नोटिस में दम नहीं: गहलोत

दिल्ली में सीईसी बैठक खत्म होने के बाद मीडिया से रूबरू हुए सीएम गहलोत ने कहा कि कानून को अपना काम करने दो। ईडी ने नोटिस दिया है तो वैभव हाजिर हो गए हैं। जवाब भी दे दिए हैं, आगे और डेट दी है। उन्होंने कहा कि नोटिस में कोई दम नहीं हैं। सिंपल नोटिस है, सिंपल इन्फॉर्मेशन्स मांगी गई हैं। यह सब राजनीतिक कारणों से हो रहा है। राजस्थान में जो कुछ भी हो रहा है वह पॉलीटिकल माइलेज के कारण ईडी वाले काम कर रहे हैं। ईडी के छापों से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला हैं। डोटासरा के सरकारी आवास पर भी छापे पड़े। प्रदेशाध्यक्ष की एक पोस्ट बड़ी होती है, फिर भी उनके घर में आ गए और कुछ खास भी नहीं कर पाए। केंद्र सरकार के इशारों पर ईडी राजस्थान-छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में कार्रवाई कर रही है, लेकिन इन छापों का कोई असर नहीं होगा।




### इस बीच, वैभव से ईडी में 7 घंटे पूछताछ

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत फेमा संबंधी मामले में पूछताछ के लिए सोमवार को दिल्ली स्थित ईडी में पेश हुए। वैभव आरसीए के अध्यक्ष और एआईसीसी के सदस्य हैं। वे लंच के लिए ईडी के ईडी से बाहर आए तो उन्होंने कहा कि मेरा और मेरे परिवार का फेमा या विदेशी लेनदेन से कोई लेना-देना नहीं हैं। बताया जा रहा है कि ईडी में वैभव से 7 घंटे तक पूछताछ हुई। 4 घंटे की पूछताछ के बाद उन्हें लंच ब्रेक दिया गया। अब 16 नवंबर को दोबारा पूछताछ के लिए बुलाया गया हैं।

**आईएएस मेघराज सिंह रत्नू के दो लॉकर्स ने उगला सोना**

# वैल्यूएशन करने में जुटा ACB

**बेधड़क** | जयपुर

सहकारिता विभाग के रजिस्ट्रार आईएएस मेघराज सिंह रत्नू के खिलाफ दर्ज आय से अधिक सम्पत्ति के मामले की जांच कर रही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने सोमवार की एनआरआई स्थित एसबीआई बैंक में रत्नू के दो लॉकर्स को खंगाला। इन दो लॉकर्स में बड़ी मात्रा में सोने-चांदी के जेवर, नकदी और प्रॉपर्टी से जुड़े दस्तावेज मिलना बताया जा रहा हैं। हालांकि एसीबी के अधिकारी इस मामले में कुछ नहीं बोल रहे है लेकिन सूत्रों की माने तो लाखों रूपए की कीमत की यह ज्वैलरी और प्रॉपर्टी से जुड़े दस्तावेज मिले हैं। हालांकि इनकी सही कीमत क्या है इसकी वैल्यूवेशन करने में एसीबी के अधिकारी जुटे हुए हैं। वहीं जो दस्तावेज मिले है वह किस प्रॉपर्टी के है इसकी भी जांच की जा रही हैं।



### एसबीआई में दो लॉकर

एसीबी के एएसपी सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि टीम ने सुबह से एसबीआई बैंक में रतनू के दो लॉकर्स को खंगालना शुरू किया। इन दो लॉकर्स में 2963 ग्राम सोने के जेवर मिले हैं, जिनकी वर्तमान में कीमत एक करोड़ 70 लाख रुपए है। अभी दो लॉकर और खोलना बाकी है, जिन्हें मंगलवार सुबह से खंगाला जाएगा। गौरतलब है कि एसीबी ने रत्नू के खिलाफ आय से अधिक सम्पत्ति का मामला दर्ज किया है। पहली बार सर्च में बड़ी संख्या में जमीनों के दस्तावेज मिले हैं, जो रत्नू, उनकी पत्नी और अन्य परिवारजनों के नाम थे। इसके बाद अब सोमवार को दो लॉकर खंगाले गए हैं। मंगलवार को दो ओर खंगाले जाएंगे।

### बिकने जा रही अनिल अंबानी की बिग एफएम




**एजेंसी** | दिल्ली

दिवालियापन की कार्यवाही से गुजर रहे रिलायंस ब्रॉडकास्ट नेटवर्क (आरबीएनएल) को अपने रेडियो चैनल बिग एफएम के लिए रेडियो मिर्ची और सैफायर एफएम से 251 करोड़ रुपए की दो बोलियां मिली हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन दोनों बोलीदाताओं ने 30 दिनों के अंदर-अंदर भुगतान करने की पेशकश की है। सूत्रों के मुताबिक लैंडर्स ने अपनी बोलियों को संशोधित करने के लिए दो समाधान आवेदकों के साथ चर्चा शुरू कर दी है।

**WC 2023:** अफगानिस्तान की तीसरी जीत




# सात विकेट से हरा कर श्रीलंका की उम्मीदें तोड़ी

**एजेंसी** | पुणे

अफगानिस्तान ने यहां श्रीलंका को वर्ल्ड कप 2023 के 30वें मैच में 7 विकेट से हरा दिया। विश्व कप 2023 में अफगानिस्तान की ये तीसरी जीत है।

श्रीलंका की टूर्नामेंट में ये चौथी हार है और इसी के साथ श्रीलंका के लिए सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद लगभग खत्म हो गई है। सोमवार को पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में श्रीलंका ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में सभी विकेट खोकर 241 रन बनाए। इसके जवाब में अफगानिस्तान की टीम ने रहमत शाह, हशमतुल्लाह शाहिदी और अजमतुल्लाह उमरजई के अर्धशतकों की बदौलत 45.2 ओवर में 3 विकेट पर 242 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

**हनीट्रैप: बॉर्डर पर जासूसों का बड़ा नेटवर्क**

# 2 साल में दबोचे 13 जासूस... एक सूचना की कीमत 500 से 2000 रुपए

- हुस्न और पैसे के जाल में फंसाकर पाक एजेंसियां बना रहीं स्लीपर सेल
- ढाई साल में तीन जवानों ने हनीट्रैप में फंसकर की सूचनाएं लीक
- ISI ने सोशल मीडिया के जरिए आर्मी तक दे दी दस्तक

**बेधड़क** | जयपुर

सीमा से सटे जैसलमेर, बीकानेर, बाड़मेर जिले में पाक की खुफिया एजेंसियों का लंबा-चौड़ा नेटवर्क है। यहां आए दिन पाक जासूस पकड़े जाते हैं, ये भारतीय सेना की सूचनाएं पाकिस्तान भेजते हैं। अब सूचना लीक करने के तरीके बदल गए हैं।

आईएसआई ने युवतियों के मार्फत सोशल मीडिया से आर्मी तक में दस्तक दे दी। हालात यह है कि अब हुस्न के जाल में फंसकर सेना के जवानों द्वारा भी वतन से गद्दारी करने के मामले सामने आ रहे हैं। सेना के जवानों व कर्मचारियों के साथ में बॉर्डर के गांवों में रहने वाले युवक भी हनी ट्रैप का शिकार हो रहे हैं और बॉर्डर पर होने वाली सेना की गतिविधियों की सूचनाएं लीक कर रहे हैं।



### सूचना देने पर खाते में जमा होते हैं पैसे

ये युवतियों अश्लीलता के जरिए ऐसे लोगों को वॉट्सएप पर वीडियो कॉल करती हैं और जाल में फंसाकर सूचनाएं मांगती रहती हैं। कई दफा तो लोगों को एक सूचना देने पर 500 रुपए से 2,000 रुपए तक अकाउंट में जमा भी कराए जाते हैं। यह खुलासा इंटेलीजेंस शाखा द्वारा पिछले पांच साल में पकड़े गए जासूसों से पूछताछ में हुआ है। प्रदेश में जासूसी के पिछले साल 10 प्रकरण सामने आए थे, जबकि इस साल तीन प्रकरण सामने आ चुके हैं।

### 400 किमी सीमा क्षेत्र, पाक विस्थापितों पर भी नजर

पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों का जैसलमेर में लंबा चौड़ा नेटवर्क है। करीब 400 किमी से अधिक सीमा जैसलमेर जिले में लगती है। इन इलाकों के ग्रामीणों तक पाकिस्तान की एजेंसियों की पहुंच है और वे धीरे-धीरे अपने स्लीपर सेल बढ़ा रही हैं। जैसलमेर में पिछले कुछ वर्षों में एक दर्जन से भी अधिक पाक जासूस पकड़े गए हैं। इसके अलावा बीकानेर और बाड़मेर सीमा पर भी कुछ लोग संदिग्ध है। जिन पर इंटेलीजेंस की नजर है। खुफिया एजेंसियों की नजर पाक विस्थापितों पर भी है।

**50 से अधिक जासूस होने का अंदेशा**

- एक के बाद एक जासूस पकड़ा जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में एक दर्जन से अधिक जासूस पकड़े जा चुके हैं।
- सूत्रों के अनुसार जैसलमेर सीमावर्ती इलाके में ऐसे 50 से अधिक जासूस मौजूद होने का अंदेशा हैं
- आईएसआई तरह-तरह के प्रलोभन देकर पाक में रिश्तेदारी वालों को बनाती है एजेंट।
- आईएसआई के एजेंट स्लीपर सेल की तरह काम करते हैं, उन्हें नहीं पता होता कि वे किसके लिए काम कर रहे हैं।

## जरूरी खबर

### महंगाई राहत के नाम पर जनता से धोखा: मेघवाल



**जयपुर।** केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा है कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार ने हर मोर्चे पर जनता के साथ धोखा किया है। राज्य सरकार के कुप्रबंधन के कारण राजस्थान महंगाई को लेकर देश में सबसे उपरी पायदान पर आ गया है। राजस्थान में महंगाई की दर पिछले एक साल से हर माह राष्ट्रीय औसत से अधिक बढ़ी है और प्रदेश सर्वाधिक महंगाई वाले राज्यों में शामिल हो गया है। इंडियन स्टेट्स एंड इंडेक्स की रिपोर्ट के अनुसार भ्रष्टाचार के मामलों में राजस्थान नंबर एक पर है। 78 प्रतिशत लोगों का मानना है कि भ्रष्टाचार या घूसखोरी के बगैर कार्य करवाना असंभव सा हो गया है।

### मेयर मुनेश गुर्जर के निलंबन पर हाई कोर्ट में सुनवाई

**जयपुर।** जयपुर नगर निगम हैरिटेज की निलंबित मेयर मुनेश गुर्जर के निलंबन मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मेयर की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता विज्ञान शाह ने कहा कि मुनेश गुर्जर को 11 सितम्बर को डीएलबी डायरेक्टर और डिप्टी डायरेक्टर ने नोटिस जारी किए थे। ऐसे में मेयर डायरेक्टर के सामने उपस्थित हो गईं। दूसरी ओर सरकार ने डिप्टी डायरेक्टर की रिपोर्ट के आधार पर 22 सितम्बर को मेयर को निलंबित कर दिया, जो कि नियम विरूद्ध है। एक व्यक्ति के खिलाफ समानांतर दो जांच नहीं चलाई जा सकती हैं।

### जांच एजेंसियों के नाम पर बना डर का माहौल: आंजना



**जयपुर।** सहकारिता मंत्री उदय लाल आंजना ने सोमवार को आरोप लगाया कि देश में ऐसा माहौल बन गया है जहां जांच एजेंसियों के नाम पर उद्योगपतियों और राजनीतिक नेताओं को डराया जा रहा है। आंजना ने अपने परिसरों पर कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि अगर कागजात में कोई कमी थी तो आयकर अधिकारी आते। जिस तरह से वे दस्तावेजों का सत्यापन करने आईटी आई, उससे माहौल खराब हो गया। आयकर विभाग उनके व्यापारिक साझेदार की प्रविष्टियों का सत्यापन करने आया था, जिन्होंने महाराष्ट्र में सड़क निर्माण कार्य किया था।

---

**चुनाव आयोग की आचार संहिता** के उल्लंघन पर रहेगी पैनी नजर

# नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही स्टेटिक सर्विलांस टीमें सक्रिय

■ सी-विजिल एप पर अब तक 3,044 शिकायतों का हुआ निस्तारण




**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनाव-2023 के लिए सोमवार को प्रत्याशियों की नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही स्टेटिक सर्विलेंस टीम ने भी निर्वाचन विभाग की निगरानी में काम करना शुरू कर दिया है।

प्रदेशभर में एसएसटी के 11 हजार 844 सदस्यों की तैनाती के बाद कुल 23 हजार 688 कार्मिक हर गतिविधि पर पैनी नजर रख रहे हैं। अब तक एफएसटी यानी उड़नदस्ता दल के 11 हजार 844 सदस्य ही काम कर रहे थे। गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उम्मीदवारों के चुनाव खर्च की निगरानी के लिए लगाए गए 70 व्यय पर्यवेक्षकों ने भी क्षेत्र में कार्य शुरू कर दिया है। नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही अब प्रदेश भर में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन, अवैध नकदी व अवैध सामग्री के परिवहन और निर्वाचन से जुड़े खर्च की निर्वाचन आयोग पूर्ण रूप से कड़ी निगरानी कर रहा है।

### आचार संहिता उल्लंघन की मिली 10 हजार शिकायतें

प्रदेश में विधानसभा चुनाव-2023 के बीच आचार संहिता उल्लंघन को लेकर सी-विजिल एप पर अब तक दस हजार से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि सी-विजिल एप पर प्रदेश में आचार संहिता उल्लंघन की मिल रहीं शिकायतें पर सौ मिनट की तय समयसीमा में ही कार्रवाई कर उनका निस्तारण किया जा रहा है। सी-विजिल के माध्यम से मंगलवार तक कुल 10,002 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें सही पाई गईं 3,054 शिकायतों में से 3,044 शिकायतों का निराकरण कर लिया गया है और शेष 10 शिकायतों पर कार्रवाई की जा रही है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित कराने के लिए निर्वाचन विभाग के स्तर पर हर मुमकिन प्रयास किए जा रहे हैं।

### विधानसभा क्षेत्रों में फ्लाइंग स्क्वॉड टीम 24 घंटे कार्यरत

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि विधानसभा चुनाव कार्यक्रम घोषित किए जाने के साथ ही सभी विधानसभा क्षेत्रों में फ्लाइंग स्क्वॉड टीम 24 घंटे सक्रिय है। वहीं मंगलवार को चुनाव अधिसूचना जारी होने के साथ ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एसएसटी द्वारा भी कार्य शुरू कर दिया गया है। स्टेटिक सर्विलांस टीम, फ्लाइंग स्क्वॉड टीम को निर्देश दिया गए है कि वे मतदान को प्रभावित करने वाली सामग्रियों यथा-नकद राशि, शराब, अन्य उपहार, सामूहिक भोज आदि पर बारीकी से नजर रखें। वहीं विशेष रूप से सक्रिय रहकर इन सामग्रियों की आवाजाही पर रोक लगाने और नियमानुसार जब्ती एवं वांछित कानूनी कार्रवाई करेंगे। एफएसटी और एसएसटी की हर टीम में कार्यपालक मजिस्ट्रेट, थाने का वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, पुलिस कांस्टेबल और एक वीडियोग्राफर शामिल है।

---

**भाजपा ने** मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# CM गहलोत के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत

■ गारंटियों के नाम पर मतदाताओं को प्रलोभन देने का लगाया आरोप

## महंगाई और भ्रष्टाचार को लेकर भी खड़े किए सवाल



**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनावों के मतदान की तारीख करीब आने के साथ ही भाजपा और कांग्रेस का एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला जारी है। भाजपा ने कांग्रेस को घेरते हुए सीएम अशोक गहलोत की शिकायत मुख्य निर्वाचन अधिकारी को की है।

सीएम गहलोत की ओर से सात गारंटिया देने के बाद आमजन से मोबाइल नंबर पर मिस्ड कॉल करवाकर ऐसी योजनाओं का लाभ लेने के लिए पंजीकरण करवाने पर भाजपा ने चुनाव आयोग को शिकायत दर्ज करवाई है। इसके लिए भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता से मिलकर ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में उन्होंने बताया है कि चुनाव की घोषणा के बाद ऐसी किसी भी प्रकार की योजना जिससे कोई राजनीतिक दल आमजन को लालच या ऐसी कोई योजना जिससे मतदाताओं को वोट लेने के लिए प्रलोभन दे, वह नियम विरूद्ध हैं।

यह आदर्श आचार संहिता का पूर्णतः उल्लघंन के साथ ही लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-123 के तहत भ्रष्ट आचरण की श्रेणी में आता है। भाजपा प्रबुद्धजन प्रकोष्ठ के संयोजक राजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि हाल ही सीएम गहलोत ने अपनी एक्स आईडी के माध्यम से कांग्रेस फिर सात गारंटी का मैसेज लिखकर आमजन से मोबाइल नंबर पर मिस कॉल करवाकर ऐसी योजनाओं का लाभ लेने के लिए पंजीकरण करवाने का मैसेज किया है।

आमजन को ऐसी गारंटी योजनाओं का प्रलोभन देने के लिए पंजीकरण करवाना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने के साथ ही आपराधिक कृत्य भी है।

### कांग्रेस शासन में बेटियां भयभीत

राजस्थान महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा ने भाजपा मीडिया सेंटर पर प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के शासन में महिला अत्याचार के मामलों में हुई बढ़ोतरी के कारण अब बेटियों को अकेले घर से निकलने में डर लगने लगा है। हालात यह हैं कि यहां बेटियां कहीं भी सुरक्षित नहीं है। प्रदेश प्रवक्ता राखी राठौड़ ने कहा कि गहलोत सरकार के कुशासन के कारण यहां पैदा होते बच्चे पर 80 हजार का कर्ज चढ़ गया है। हालात इतने विकट हो गए हैं कि एसएमएस अस्पताल में रेजीडेंट्स को 11 माह से सैलरी नहीं मिली है। मुख्यमंत्री गहलोत ने कर्ज लेकर घी पीने का कार्य किया है। तो प्रदेश प्रवक्ता पूजा कपिल ने कहा कि भ्रष्टाचार में राजस्थान देश में नंबर वन है। इसके साथ ही अब महंगाई में भी नंबर वन बन गया है। बिजली, पैट्रोल और डीजल की रेट देश में यहां सबसे अधिक है। इसके अलावा खाद्य पदार्थ पर भी महंगाई का साया है।

### प्याज की बढ़ती कीमतों के लिए राज्य की सरकार जिम्मेदार: अलका गुर्जर

भाजपा की राष्ट्रीय सचिव अलका गुर्जर ने कहा कि महंगाई बढ़ती जा रही है। हालात यह हैं कि प्याज भी अब आम आदमी से दूर हो रहा है। सरकार की ओर से समय पर प्याज की खरीद नहीं किए जाने और इसकी भंडारण की व्यवस्था नहीं होने के कारण इन दिनों प्याज के दाम 80 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गए हैं, जो राज्य की कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधन के कारण हुआ है। राज्य में अमूमन हर वर्ष मानसून के बाद एक से दो माह के लिए राज्य में प्याज की किल्लत हो जाती है। इसके बाद भी राज्य सरकार ने इस किल्लत को दूर करने के लिए पहले से ही कोई ठोस योजना तैयार नहीं की।

---

**राजे का प्रियंका** और राहुल पर वार

# इस सरकार ने जो काम रोके, BJP आते ही उन्हें करेंगे पूरा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने एक बार फिर प्रियंका और राहुल गांधी पर जुबानी हमला बोलते हुए कांग्रेस पर तंज कसा है। राजे ने कहा कि कुछ दिन पहले प्रियंका गांधी राजस्थान आईं थी। उन्होंने महिलाओं को 10 हजार रुपए देने की बात कही है लेकिन मुझे तो डर लगता है। ये और इनके भाई जब भी आते है, जयपुर वालों को और प्रदेश की जनता को कुछ भी कहकर चले जाते हैं।

आपको याद होगा, पहले यह लोग किसानों से वादा करके गए थे। अब महिलाओं को वादा करके जा रहे हैं। मुझे तो विश्वास है, शायद ही महिलाओं को 10 हजार रुपए मिलेंगे। किसानों का कर्जा तो आज भी माफ नहीं हुआ। यह बात वसुंधरा राजे ने मालवीय नगर में सोमवार को सभा के दौरान कही।

राजे ने कहा कि राजस्थान में भाजपा की सरकार बनना तय है। सरकार बनते ही हमारी सरकार के वो सब काम शीघ्र पूरे करेगी, जो कांग्रेस सरकार ने रोक दिए थे। ईआरसीपी योजना से जयपुर सहित कई जिलों की प्यास बुझाएंगे। जयपुर के रिंग रोड का काम जो इस सरकार ने रोक दिया, वह भी सरकार आते ही शुरू होगा। द्रव्यवती नदी जिसे इस सरकार ने वापस गंदा नाला बना दिया है, उसे भी फिर से रोशन करेंगे।



### जनता से झूठे वादे कर रही कांग्रेस

कांग्रेस चुनाव आते ही पहले की तरह फिर से झूठे वादे लेकर जनता के सामने आ गई है। अभी कुछ दिनों पहले प्रियंका गांधी ने घोषणा कर दी कि कांग्रेस सरकार रिपीट हुई तो 10 हजार रु प्रति वर्ष हर महिला को देंगे। वैसे यह वादा भी उनके भाई राहुल के उस वादे जैसा ही है, जिसमें उन्होंने कहा था कि सरकार बनते ही 10 दिन में किसानों का संपूर्ण कर्जा माफ किया जाएगा। पूरे पांच साल निकल गए पर आज तक तो किसानों का कर्ज माफ हुआ नहीं।

---

**शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला का** भाजपा पर पलटवार

# हिंदू और हिंदुत्व की बात करने वालों को भी नहीं पता इसकी परिभाषा

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस सरकार में शिक्षा मंत्री मंत्री बीडी कल्ला ने भाजपा के हिंदुत्व के मुद्दे को लेकर पलटवार किया है। बीकानेर शहर कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को कल्ला ने कहा कि हिंदू और हिंदुत्व की बात करने वाले पहले इसकी परिभाषा ढंग से बताएं।

हिंदू और हिंदुत्व के साथ ही धर्म की क्या परिभाषा है, यह भाजपा के लोगों को पता नहीं है। धर्म सम्राट करपात्री महाराज का जिक्र करते हुए कल्ला ने कहा कि धर्म की बातें करने वाले पहले इसकी व्याख्या को समझें। हिंदू और हिंदुत्व की बात केवल किताबी नहीं होनी चाहिए।



इस दौरान कल्ला ने अपनी पार्टी की तारीफ की और कहा कि पिछले 5 सालों में कांग्रेस सरकार की योजनाओं पर धरातल पर काम हुआ है। इन योजनाओं से आमजन को लाभ हुआ है। केंद्र सरकार केवल जुमले दे रही है और दो लोग मिलकर पूरी सरकार चला रहे हैं। दरअसल, बीकानेर में प्रत्याशियों की ओर से हिंदू धर्म स्थलों से जुड़े वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे हैं। भाजपा ने प्रचार को लेकर हिंदुत्व का एजेंडा अपना रखा है, जिस पर कल्ला ने पलटवार किया है। उन्होंने भाजपा की ओर से बनाए जा रहे माहौल को लेकर अपना पक्ष रखा है।

---

**राजस्थान पुलिस ने चलाया** ऑपरेशन 'मदिराधर'

# 6 करोड़ से अधिक की अवैध शराब जब्त

**बेधड़क** | जयपुर

आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराने के उद्देश्य से अवैध शराब की धर पकड़ के लिए राजस्थान पुलिस ने 30 घंटे का विशेष अभियान ऑपरेशन 'मदिराधर' चलाया।

6 करोड़ रुपए से अधिक की अवैध शराब जप्त की गई। नोडल अधिकारी महानिरीक्षक पुलिस विकास कुमार स्टॉर्म क्लब वॉर रूम के माध्यम से ऑपरेशन मदिरा धर की पल-पल की कार्रवाई का पर्यवेक्षण कर रहे थे। आईजी विकास कुमार ने बताया कि 28-29 अक्टूबर को अवैध शराब के विरुद्ध 30 घंटे का प्रदेश में यह अभियान चलाया गया। जिसमें 2 लाख लीटर से भी ज्यादा की अवैध शराब जप्त की गई।



जिसकी कीमत 6 करोड़ से भी ज्यादा है। आईजी कुमार ने बताया कि ऑपरेशन मदिरा धर में प्रति जिला औसत 18 लाख से ज्यादा कीमत की शराब जप्त हुई है। इस अभियान में एक करोड़ रुपए से ज्यादा की जप्ती के साथ दौसा जिला अव्वल रहा। सिरोही जिले में भी जप्ती की कार्रवाई एक करोड़ से ज्यादा की रही। श्रीगंगानगर, जैसलमेर और नागौर जिला पुलिस की कार्यवाही भी शानदार रही है।

डीजी पुलिस उमेश मिश्रा ने प्रदेश के सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को इस अभियान को सफल बनाने के लिए बधाई दी है।

---

**विधानसभा चुनाव-2023**

# डोटासरा को चुनौती देंगे ढाका, अमराराम दांता रामगढ़ से लड़ेंगे चुनाव

■ सीपीआईएम ने 17 उम्मीदवार उतारे चुनाव मैदान में

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा-कांग्रेस के अलावा तीसरा मोर्चा भी सक्रिय नजर आ रहा है। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) ने राजस्थान की 17 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों पहली लिस्ट जारी कर दी है।

पार्टी की तरफ से जारी लिस्ट में सीकर की चार विधानसभा सीटों पर, जबकि हनुमानगढ़ और चूरू की 3-3 और श्रीगंगानगर की 2 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया गया है। वहीं डूंगरपुर, उदयपुर, नागौर और बीकानेर में भी पार्टी ने उम्मीदवार उतारे हैं।



पार्टी ने सीकर जिले की लक्ष्मणगढ़ सीट विजेंद्र ढाका को उम्मीदावार बनाया है। ढाका यहां से कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के सामने चुनौती पेश करेंगे। वहीं दांता रामगढ़ से 2018 में चुनाव लड़ चुके अमराराम पर पार्टी ने एक बार फिर भरोसा जताया है।



वहीं धोद से पेमाराम को टिकट दिया गया है। अमराराम पिछले विधानसभा चुनाव में 45186 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। यहां से कांग्रेस के वीरेंद्र चौधरी ने 64,931 वोट के साथ जीत दर्ज की थी। वहीं सीकर की धोद सीट पर कांग्रेस और माकपा का दबदबा रहा है। पिछले चुनाव में पेमाराम को यहां से 14053 वोटों से हार का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस के परसराम मोरदिया ने 75142 के साथ जीत हासिल की थी।

### कहां से किस-किस को मिला टिकट?

कम्युनिस्ट पार्टी ने सीकर के धोद से पेमाराम, दाता रामगढ़ से अमराराम, लक्ष्मणगढ़ से विजेंद्र ढाका, सीकर से उस्मान खान, हनुमानगढ़ से रघुवीर वर्मा, भादरा से बलवान पूनिया, नोहर से मांगेज चौधरी, श्रीगंगानगर के रायसिंहनगर से श्योपत राम मेघवाल, अनूपगढ़ से शोभा सिंह ढिल्लो, डूंगरपुर से गौतम डामोर, तारानगर से निर्मल कुमार प्रजापत, सरदारशहर से छगनलाल चौधरी, सादुलपुर से सुनील पूनिया, झाड़ौल से प्रेम पारगी, लाडनूं से भागीरथ यादव, नांवा से कानाराम बिजराणियां और डूंगरगढ़ से गिरधारी लाल माहिया को मैदान में उतारा है।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से मुकाबला

सीकर जिले की लक्ष्मणगढ़ सीट से राजस्थान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा विधायक हैं, पार्टी ने उन्हें इस बार भी यहां से उम्मीदवार बनाया है। इस बार बीजेपी ने इस सीट पर अपना प्रत्याशी बदल दिया और दिनेश जोशी की जगह सुभाष महारिया को टिकट दिया है। साल 2013 में भी महारिया यहां से चुनाव लड़े थे लेकिन उस समय गोविंद सिंह डोटासरा से दस हजार वोटों से हार मिली थी। सीपीआईएम ने विजेंद्र ढाका को इस सीट से मैदान में उतारा है। इसी तरह सीपीआई ने किसान बहुल सीट बीकानेर की डूंगरगढ़ सीट से दोबारा गिरधारी माहिया को मैदान में उतारा है। साल 2018 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने बीजेपी और कांग्रेस उम्मीदावारों करारी मात दी थी।

### BTP की तीसरी लिस्ट जारी, 3 उम्मीदवारों की घोषणा

**डूंगरपुर।** बीटीपी यानी भारतीय ट्राइबल पार्टी ने तीसरी लिस्ट में 3 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज के गायनिक डॉक्टर दीपक घोघरा को डूंगरपुर विधानसभा सीट से मैदान में उतारा गया है। वहीं, सागवाड़ा और जोधपुर के शेरगढ़ विधानसभा सीट से भी पार्टी ने प्रत्याशी घोषित किए हैं। भारतीय ट्राइबल पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. वेलाराम घोघरा ने बताया कि सागवाड़ा विधानसभा सीट से बीटीपी के राज्य सचिव मोहन डेंडोर को टिकट दिया गया है। मोहन डेंडोर लेंप्स अध्यक्ष भी हैं। जबकि जोधपुर जिले के शेरगढ़ विधानसभा सीट से तगाराम भील को प्रत्याशी घोषित किया गया है।

**मतदाता जागरण यात्रा:** विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान को लेकर इन दिनों निकाली जा रही है जागरूकता यात्रा

# सशक्त सरकार के निर्माण के लिए सौ प्रतिशत मतदान जरूरी: सद्गुरु

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावो में अधिक से अधिक मतदान को लेकर जयपुर में मतदाता जागरण यात्रा निकाली जा रही है। सोमवार को श्री धानंदम् धाम पीठ वृंदावन के सद्गुरु रितेश्वर महाराज ने मतदाता जागरण यात्रा प्रारंभ की।

यात्रा से चुनावों में लोगों को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की गई। यात्रा के माध्यम से वोटरों की जागरूकता के लिए प्रचार प्रसार किया जा रहा हैं। सोमवार को रैली शिव हनुमान मंदिर कांटा से शुरू होकर जयपुर शहर के 27 अलग-अलग स्थान से गुजरते हुए मोती डूंगरी गणेश मंदिर पहुंची, जहां रैली का समापन हुआ। यात्रा के समापन पर सद्गुरु रितेश्वर महाराज ने मोती डूंगरी गणेश मंदिर के महंत कैलाश शर्मा से मुलाकात की।

वहीं शाम को सद्गुरु रितेश्वर महाराज ने जवाहर सर्किल पर लोगों चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। इस दौरान उनके साथ भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व कप्तान अजय हुड्डा भी साथ रहें। सद्गुरु ने बताया कि विधानसभा चुनाव में एक सशक्त, राष्ट्रवादी, लोक कल्याणकारी सरकार के गठन के लिए मतदान का बहुत अधिक महत्व है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक सरकार चुनने में मतदाता ही सर्वोपरि होता हैं। एक जागरूक मतदाता अपने मताधिकार से देश और प्रदेश में सशक्त सरकार का निर्वाचन कर सकता हैं। उन्होंने कहा कि चुनावों में प्रदेश के हर नागरिक को हक से भाग लेना चाहिए और अधिकाधिक मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनावों में जितने अधिक मतदाता मतदान करेंगे, उतनी ही मजबूत सरकार का निर्माण होगा।





### इन जगहों पर निकली रैली

सद्गुरु की मतदाता जागरण अभियान रैली सोमवार सुबह 11 बजे श्री शिव हनुमान मंदिर कांटा से शुरू हुई। रैली खाटू श्याम मंदिर, कालवाड अंडरपास, खिरणी फाटक फ्लाईओवर, दिल्ली अजमेर बाईपास टी प्वॉइंट, सिरसी रोड अंडरपास, करधनी पुलिस स्टेशन, चित्रकूट अंडरपास, 200 फीट बाईपास, मानसरोवर मेट्रो स्टेशन, आतिश मार्केट, गुर्जर की थड़ी, रिद्धि सिद्धि चौराहा, ओटीएस चौराहा, जवाहर कला केंद्र होते हुए मोती डूंगरी गणेश मंदिर पहुंची, जहां रैली का समापन हुआ।

## जरूरी खबर

### त्योहारी सीजन में दो अतिरिक्त ट्रेनें चलाएगा रेलवे



**जयपुर।** रेलवे प्रशासन की ओर से दीपावली, छठ पूजा आदि त्योहार के सीजन को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए दो ट्रेनों शुरुआत की है। इनमें इंदौर-भिवानी-इंदौर एवं वलसाड-भिवानी-वलसाड साप्ताहिक रेल सेवाओं का संचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 09325, इंदौर-भिवानी साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 3 नवंबर 23 से 29 दिसंबर 23 तक (09 ट्रिप) चलेगी। यह ट्रेन इंदौर से प्रत्येक शुक्रवार को 19.20 बजे रवाना होकर शनिवार को जयपुर स्टेशन पर 07.10 बजे आएगी व 07.20 बजे प्रस्थान कर 13.10 बजे भिवानी पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 09326, भिवानी-इंदौर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 4 नवंबर 23 से 30 दिसंबर 23 तक भिवानी से प्रत्येक शनिवार को 14.45 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर 19.20 बजे आएगी।

### 19 विधानसभा क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया

**जयपुर।** विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान एवं युवाओं को जोड़ने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से जिले के सभी 19 विधानसभा क्षेत्रों में सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह के निर्देश पर जयपुर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, आदर्श नगर एवं हाउसिंग बोर्ड, शास्त्री नगर में वीआर के जरिए नव मतदाताओं को रोचक तरीके से मतदान प्रक्रिया से रूबरू करवाया गया। जिइस मौके पर मैं भारत हूं गीत एवं 25 नवंबर का पहला काम, चलो बूथ करो मतदान जैसे स्लोगन से युवा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया।


**निजी लॉकर से आज फिर जब्त की 17.50 लाख की नकदी**

# गणपति प्लाजा के निजी लॉकर्स उगल रहे हैं काला धन!

| 17 वें दिन भी जारी रही आयकर विभाग की सर्वे कार्रवाई | 10 और लॉकर्स सोमवार को खोले गए | 6.07 करोड़ की नकदी अब तक लॉकरों से मिली | 8622 ग्राम सोने के आभूषण हो चुके हैं जब्त |
|---|---|---|---|

**बेधड़क | जयपुर**

गणपति प्लाजा के निजी वॉल्ट के लॉकर्स में छिपे धन को लेकर 17 दिन पूर्व 14 अक्टूबर को शुरू हुई आयकर सर्वे की कार्रवाई सोमवार को भी जारी रही। आज आयकर अधिकारियों ने 10 और लॉकर्स को खोला और इनमें से एक लॉकर से 17 लाख 50 हजार रुपए की नकदी मिली। इस नकदी को लेकर जब लॉकर धारक डॉक्टर संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया तो इसे जब्त कर लिया गया। अन्य लॉकर्स में मिली वस्तुएं निजी उपयोग की होने के कारण अधिकारियों ने इन्हें जब्त नहीं किया और विवरण रिकॉर्ड में लेकर लॉकर धारकों को छोड़ दिया। विभागीय अधिकारी अब तक यहां से 6.07 करोड़ से अधिक नकदी व 11.06 करोड़ रुपए मूल्य का 8622 ग्राम सोना और आभूषण जब्त कर चुके हैं।



### ...नहीं तो लॉकर्स कर देंगे फ्रीज

विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संदिग्ध समझे जाने वाले लॉकर धारकों में अब भी कई ऐसे लॉकर धारक है, जो आयकर नोटिसों की अनदेखी कर रहे हैं, लेकिन इस अनदेखी के कारण इन लॉकर्स में अवैध रूप से की गई कमाई से अर्जित नकदी और अन्य संपत्तियों के छिपाए जाने को लेकर विभागीय अधिकारियों का शक और गहरा होता जा रहा है। उधर, अब भी कुछ कथित संदिग्ध लॉकर धारकों के विभाग से लॉकर खोलने और इसकी जांच कराने की निर्धारित समय सीमा को और बढ़ाने के आग्रह कर रहे हैं, लेकिन विभाग अब सख्त रुख अपना रहा हैं। अधिकारियों का कहना है कि यदि समय विस्तार के बाद भी लॉकर नहीं खोले जाते हैं तो विभाग ऐसे लॉकर्स को फ्रीज कर देगा और लॉकर धारक सर्वे कार्रवाई समाप्त होने के बाद भी बिना आयकर विभाग की अनुमति के इन लॉकर्स को खोल नहीं सकेंगे। उधर, विभागीय अधिकारियों ने कुछ और संदिग्ध लॉकर धारकों को चिह्नित कर उन्हें भी लॉकर खोलने व इन्हें जांच में शामिल करने को लेकर सोमवार को भी प्रयासरत रहे।

### लॉकर संचालन पर रोक नहीं

सूत्रों का कहना है कि संभव है विभाग सर्वे कार्रवाई के बाद अब तक नहीं खोले गए सभी लॉकर धारकों को जांच कराने के संबंध में नोटिस जारी करें। आयकर अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि गणपति प्लाजा स्थित निजी लॉकर संचालक, रोयरा सेफ्टी वॉल्ट के लॉकर्स में जारी आयकर सर्वे के बावजूद यहां लॉकर मालिकों के लॉकर संचालन पर कोई रोक नहीं है, लेकिन फिर भी सीमित संख्या में ही लॉकर मालिक यहां लॉकर खोलने आ रहे हैं। आयकर सर्वे की कार्रवाई सोमवार देर रात 17 वें दिन भी जारी रही।

**वेंटिलेटर सपोर्ट पर डॉक्टर**

# महिला रेजिडेंट ने किया खुदकुशी करने का प्रयास

**बेधड़क | जयपुर**



राजधानी में एक महिला रेजिडेंट के खुदकुशी करने के प्रयास का मामला सामने आया है। उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो उसे सवाई मानसिंह अस्पताल के मेडिकल आईसीयू में भर्ती करवाया गया। खुदकुशी का प्रयास करने वाली महिला रेजिडेंट को फिलहाल वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज की एक महिला रेजिडेंट ने अपने घर पर ही खुदकुशी करने का प्रयास किया। उसकी तबीयत बिगड़ने पर सोमवार को सुबह परिजन उसे सवाई मानसिंह अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसे मेडिकल आईसीयू में वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। खुदकुशी का प्रयास करने वाली 29 वर्षीय महिला रेजिडेंट न्यूरो सर्जरी विभाग में कार्यरत है। वह रविवार को ड्यूटी करके गई थी। शुरुआती पूछताछ में ससुराल वालों ने बताया डॉक्टर रविवार रात में सामान्य थी। खाना खाने के बाद सो गई थी, सोमवार सुबह उसे उठाने का प्रयास किया तो बिस्तर के पास कुछ दवाइयों के पत्ते पड़े मिले। उसके नहीं उठने पर परिजन एसएमएस हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### तीन दिन में दूसरी घटना

राजधानी के एसएमएस मेडिकल कॉलेज से जुड़ी महिला रेजिडेंट के खुदकुशी करने का प्रयास करने का यह तीन दिन में दूसरा मामला है। इससे पहले दो दिन पहले भी एक महिला रेजिडेंट ने खुदकुशी का प्रयास किया था, जिसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था। तीन दिन में दो महिला रेजिडेंट की ओर से खुदकुशी का प्रयास करने के मामले सामने आना चिंताजनक है।

**पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने डीजीपी डिस्क से किया सम्मानित**

# चार आईपीएस अधिकारियों का सम्मान

**बेधड़क | जयपुर**

भारतीय पुलिस सेवा के चार अधिकारियों को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) डिस्क से सम्मानित किया गया। डीजीपी उमेश मिश्रा ने सोमवार को जयपुर पुलिस मुख्यालय में आयोजित समारोह में यह सम्मान दिया।

मिश्रा ने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर सीबीआई में स्पेशल निदेशक के पद पर तैनात डीसी जैन, जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ, एसीबी में डीआईजी



कालूराम रावत और मुख्यमंत्री कार्यालय में पुलिस अधीक्षक शंकर दत्त शर्मा को विभिन्न उत्कृष्ट कार्यों के लिए डीजीपी डिस्क और प्रशस्ति रोल प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीजी पुलिस कानून व्यवस्था राजीव शर्मा, डीजी पुलिस साइबर सुरक्षा डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा, महानिरीक्षक अशोक गुप्ता सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। एडीजी वीके सिंह ने आईपीएस एसोसिएशन की ओर से डीसी जैन की उनके विशिष्ट योगदान के लिए सराहना की।

### चरण छूकर लिया आशीर्वाद



*जयपुर.राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सरकार्यवाह सुरेश भैयाजी जोशी ने वरिष्ठ प्रचारक मानकचंद के सम्मान में आयोजित प्रेरणा समारोह में माला शाल श्रीफल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान करने के बाद चरण छूकर आशीर्वाद लिया।* **-फोटो राजेश कुमावत**

**जयपुर रेलवे स्टेशन पर रिडेवलपमेंट कार्य**

# दो माह तक जयपुर जंक्शन से नहीं, उपनगरीय स्टेशन से चलेंगी दस ट्रेन

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर जंक्शन पर स्टेशन रिडेवलपमेंट का काम जोर-शोर से चल रहा है। काम को लेकर रेलवे प्रशासन स्टेशन पर नए-नए यातायात बदलाव भी कर रहा है। अभी कुछ दिनों पहले रेलवे प्रशासन ने रेलयात्रियों के स्टेशन से निकास के लिए जीआरपी थाने के सामने नया रास्ता भी बनाया है। अब एक और नया बड़ा बदलाव किया गया है। रेलवे ने जयपुर जंक्शन पर प्लेटफॉर्म नंबर 6 व 7 नंबर पर रिडवलपमेंट कार्य के चलते दस ट्रेनों के टर्मिनल स्टेशन में बदलाव किया है। आगामी सवा दो महीने तक ये ट्रेनें जयपुर जंक्शन के बजाय उपनगरीय स्टेशन दुर्गापुरा, खातीपुरा, ढहर का बालाजी से संचालित की जाएगी। रेलवे के इस फैसले से भविष्य में यात्रियों को रेल सुविधा का फायदा मिलेगा, लेकिन इस त्योहारी सीजन में परेशानियों का सामना भी करना पड़ेगा। ऐसे में रेलयात्रियों को ध्यान रखना होगा कि सवा दो महीने तक उन्हें जयपुर जंक्शन के बजाय राजधानी के आसपास के स्टेशनों से रेल यात्रा शुरू करनी होगी।



### वैकल्पिक रास्ता निकाले

जयपुर जंक्शन स्टेशन डायरेक्टर मिहिर देव के अनुसार जयपुर रेलवे स्टेशन पर रिडवलपमेंट कार्य के चलते प्लेटफार्म नंबर 6 एवं 7 पर 13 जनवरी तक ब्लॉक लिया जा रहा है। इस स्टेशन निर्माण कार्य चलेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि स्टेशन पर यात्री दबाव को कम करने के लिए वैकल्पिक रास्ते निकाले गए हैं। इनमें रेलयात्रियों की निकासी के लिए जीआरपी थाने के सामने नया रास्ता निकाला गया है। डीआरएम ऑफिस के सामने हावड़ा ब्रिज को खोलकर यात्रियों के जाने-आने का रास्ता दिया गया है।

### जयपुर-गोमती ट्रेन ढेहर का बालाजी से चलेगी

- गाड़ी संख्या 19715 जयपुर–गोमती नगर त्रि–साप्ताहिक एक्सप्रेस 12 जनवरी, 24 तक जयपुर स्टेशन के स्थान पर ढेहर का बालाजी स्टेशन से 20.30 बजे रवाना होगी एवं जयपुर स्टेशन पर 20.40 बजे आगमन कर 21.05 बजे गोमती नगर के लिए प्रस्थान करेगी।
- गाड़ी संख्या 19716, गोमती नगर–जयपुर त्रि–साप्ताहिक एक्सप्रेस जो 12 जनवरी, 24 तक गोमती नगर से प्रस्थान करेगी, वह जयपुर स्टेशन पर 07.15 बजे आगमन एवं 07.25 बजे प्रस्थान कर 07.45 बजे ढेहर का बालाजी पहुंचेगी।

### ये ट्रेनें दूसरे स्टेशन से चलेंगी

- गाड़ी संख्या 19713, जयपुर-कुर्नुलू सिटी साप्ताहिक रेलसेवा 13 जनवरी,24 तक जयपुर के स्थान पर दुर्गापुरा से संचालित होगी। यह रेलसेवा जयपुर-दुर्गापुरा स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।
- गाड़ी संख्या 19714, कुर्नुलू सिटी–जयपुर साप्ताहिक रेलसेवा 8 जनवरी, 24 तक दुर्गापुरा तक ही संचालित होगी। यह रेलसेवा दुर्गापुरा-जयपुर स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

3. गाड़ी संख्या 04173, मथुरा-जयपुर स्पेशल रेलसेवा 13 जनवरी, 24 तक रेलसेवा खातीपुरा तक ही संचालित होगी। यह रेलसेवा खातीपुरा-जयपुर स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

- गाड़ी संख्या 04174, जयपुर-मथुरा स्पेशल रेलसेवा 13 जनवरी, 24 तक जयपुर के स्थान पर खातीपुरा से संचालित होगी। यह रेलसेवा जयपुर-खातीपुरा स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।
- गाड़ी संख्या 14715, हिसार-जयपुर रेलसेवा 13 जनवरी, 24 तक खातीपुरा तक ही संचालित होगी। यह रेलसेवा खातीपुरा-जयपुर स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

6. गाड़ी संख्या 14734, जयपुर–बटिंडा रेलसेवा 13 जनवरी, 24 तक जयपुर के स्थान पर खातीपुरा से संचालित होगी। यह रेलसेवा जयपुर-खातीपुरा स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

- गाड़ी संख्या 04801, सीकर –जयपुर स्पेशल रेलसेवा 13 जनवरी, 24 तक सीकर से प्रस्थान करेगी, वह ढेहर का बालाजी तक ही संचालित होगी। यह रेलसेवा ढेहर का बालाजी-जयपुर स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।
- गाड़ी संख्या 04861, जयपुर-चूरू स्पेशल रेलसेवा 13 जनवरी, 24 तक जयपुर के स्थान पर ढेहर का बालाजी से संचालित होगी। यह रेलसेवा जयपुर-ढेहर का बालाजी स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

“ जयपुर जंक्शन स्टेशन रिडवलपमेंट के कार्य के चलते कुछ ट्रेनों के संचालन स्थान में बदलाव किया है। इससे यात्रियों को होने वाली परेशानियों को देखते हुए प्रचार-प्रसार कर सूचना दी जाएगी। पूर्व में बुक हुई रिजर्वेशन टिकटों के यात्रियों के मोबाइल पर मैसेज भेजकर स्टेशन संचालन में जानकारी दी जाएगी।

**कैप्टन शशिकरण,** सीपीआरओ,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर

### यात्रियों को होगी थोड़ी परेशानी

रेलवे के त्योहारी सीजन में ट्रेनों के स्टेशन बदलाव के फैसले से यात्रियों को थोड़ी परेशानी होना लाजिमी है। पूर्व में रिजर्वेशन करवा चुके रेलयात्री व डेली अपडाउन करने वालों को खातीपुरा, ढहर का बालाजी और दुर्गापुरा स्टेशन से यात्रा करनी होगी।

**जरूरी खबर**

### प्रदेश में भाजपा-कांग्रेस से जनता परेशान: केडिया



**टोंक।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र केडिया ने कहा कि प्रदेश में भाजपा- कांग्रेस से जनता तंग आ चुकी है। ऐसे में आप पार्टी पर अब जनता की निगाह है। केडिया यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष की मौजूदगी में पूर्व पार्षद मोहम्मद खान उर्फ मुन्ना केसरी, महमूद खान एवं जयपुर के इस्लाम कार्पेट ने अपने समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान केडिया ने कहा कि आप पूरी ताकत से चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। लोग भी अब इसे तीसरे विकल्प के रूप में देख रहे हैं।

### नाले में युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

**टोंक।** पुरानी टोंक थाना क्षेत्र में अम्बेडकर कॉलोनी के नाले में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार नाले में शव पड़े होने की सूचना पर पुरानी टोंक थानाप्रभारी उदयवीर जाप्ते मौके पर पहुंचे। बाद में वृत्ताधिकारी टोंक सलेह मोहम्मद ने भी मौका मुआयना किया। मृतक की पहचान (32) वर्षीय लइक अहमद पुत्र अनीस मोहम्मद निवासी सिंधियों के मंदिर के पास काफला बाजार के रूप में हुई। उसके बाद परिजनों को बुलाकर शव को सआदत अस्पताल लाकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि मृतक नशे का आदि था।

### हथकड़ शराब पर कार्रवाई, पुलिस ने कई भट्टियां तोड़ी



**दौसा।** राजस्थान में विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस-प्रशासन एक्टिव मोड पर काम कर रहा है। जिले के कोलवा सर्किल में पुलिस ने रेहडिया गांव में अवैध हथकढ़ शराब बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। थानाधिकारी किताब देवी चौधरी ने बताया कि कोलवा थाने से 10 कार्मिकों की टीम ने कार्रवाई को अंजाम देते हुए तीन हजार लीटर वॉश को नष्ट किया। वहीं, शराब बनाने के काम में लिए जाने वाले उपकरण और भट्टियों को भी नष्ट किया गया। पुलिस अवैध हथकड़ शराब बनाने वालों की तलाश कर रही है।

**यज्ञ मंडप की परिक्रमा लगाने उमड़े श्रद्धालु,** अखंड भंडारे में बड़ी संख्या में भक्तों ने पाई पंगत प्रसादी

# श्रीसीताराम महायज्ञ के दूसरे दिन लगाई 3.51 लाख आहुतियां

**बेधड़क** | शाहपुरा

प्रसिद्ध धार्मिक स्थल त्रिवेणी धाम में खोजीद्वाराचार्य संत रामरिछपाल दास महाराज के सानिध्य में आयोजित 108 कुंडीय महायज्ञ में भक्तों की आस्था उमड़ रही है। महायज्ञ के दूसरे दिन सोमवार को विश्व कल्याण की कामना से आचार्य दिनेश त्रिवेदी के आचार्यत्व में 3 लाख 51 हजार आहुतियां अग्नि देव को अर्पित की। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा लगाई। प्रधान कुंड पर संत रामरिछपाल दास महाराज, पुजारी रघुनंदन दास, बनारसी दास महाराज, रामचरण दास, राजू दास, दिनेश दास, बजरंग देवाचार्य महाराज, सियाराम दास महाराज, साध्वी सुनीता बहिन ने आहुति लगाई।

आयोजन से जुड़े रमाकांत शर्मा व महावीर शर्मा ने बताया कि महायज्ञ में सोमवार को वास्तु पूजन, मंडप पूजन, योगिनी-क्षेत्रपाल की पूजा के बाद अग्नि स्थापना की गई। इसके पश्चात गणपत्यादि आवाहित देवताओं का नित्यार्चना हवन प्रारंभ हुआ। इसमें पहले कुण्डस्थ देवताओं का पूजन करवाकर आवाहित देवताओं का हवन करवाया। महायज्ञ में राम नाम मंत्र की 2 लाख 30 हजार व पुरुष सुक्त की 1 लाख 21 हजार आहुतियां लगवा कर अंत में श्रीसूक्त से पायस हवन हुआ। इसके बाद आरती की गई।

महायज्ञ में वैध मुरारी लाल शर्मा, रामेश्वर ताखर, रामलाल जाट, सी.पी. सैनी, हनुमान स्वामी, दिलीप शर्मा, कैलाश चंद स्वामी, दिलीप कुमार, सीताराम कुमावत, कैलाश चंद मीणा, अजय सिंह, महेश शर्मा आदि ने व्यवस्थाओ में सहयोग दिया। त्रिवेणी पुलिस चौकी प्रभारी जयराम मीणा के नेतृत्व में पुलिस के जवानों ने सुरक्षा व्यवस्था बनाई रखी।



### लगातार चलता रहा भंडारे का दौर

महायज्ञ के दौरान आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था भी की गई है। दूसरे दिन भी लाखों भक्तों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। वहीं प्रसादी बनाने का क्रम भी लगातार चल रहा है। सैकड़ों हलवाई इसमें जुटे हुए हैं। महायज्ञ में स्थानीय के अलावा दूर-दराज से भी काफी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं। वे सभी पंगत में प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया गया है। आयुर्वेद एवं चिकित्सा विभाग की ओर से आयोजित शिविर में सोमवार को करीब 700 लोगों को परामर्श के बाद दवाइयां दी गई।

### सीताराम विवाह का सुंदर मंचन

महायज्ञ के दौरान चल रही रामलीला में सोमवार को राम विवाह के प्रसंग का मंचन किया गया। इसमें कलाकारों ने दमदार अभिनय से दर्शकों को बांधे रखा। राम विवाह के समाचार से अयोध्या में उत्सव और खुशी का सुंदर मंचन किया गया। प्रसंग के तहत बताया गया कि गुरु विश्वामित्र के साथ जनकपुर पहुंचे राम-लक्ष्मण को देखकर समुचे नगरवासी मोहित हो उठे। भरी सभा में जब कोई राजा शिवजी के धनुष को नहीं उठा पाया तो भगवान राम ने धनुष का खंडन कर सीताजी का वरण किया।

**सिरोही में मीरपुर गेट के पास हुआ** हृदय विदारक हादसा

# दो ट्रोले टकराने के बाद भभकी आग में चालक-हेल्पर जिंदा जले

■ कोयले से भरे ट्रोले के कैबिन में फंस गए थे दोनों

**बेधड़क** | सिरोही

जिले के सदर थाना क्षेत्र के मीरपुर गेट के पास रविवार मध्य रात्रि करीब 2 बजे एक हृदय विदारक हादसा हो गया। इसमें दो लोगों की जिंदा जलने से मौत को गई। यहां दो ट्रॉलों में आपसी भिड़ंत के बाद आग लगने से चालक और हेल्पर जिंदा जलकर राख हो गए।

हादसे की सूचना पर सिरोही सदर पुलिस घटनास्थल पहुंची और फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार कांडला राजमार्ग स्थित सिरोही सदर थाना क्षेत्र के मीरपुर गेट के पास रविवार मध्य रात्रि करीब 2 बजे दो ट्रोलों के बीच हुई जोरदार भिड़ंत के बाद कोयले से भरे हुए ट्रोले में आग लग गई। घटना की सूचना वहां मौजूद कुछ लोगों ने सदर पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही एएसआई शैतान सिंह देवड़ा दल सहित घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने हादसे सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को देने के साथ फायर बिग्रेड को दी। सूचना पर तुरंत पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कोयले से भरे ट्रॉला के ड्राइवर और हेल्पर जिंदा जलकर खाक हो चुके थे। पुलिस ने ड्राइवर और हेल्पर के शव सिरोही अस्पताल की मोर्चरी में भेजकर ट्रोला मालिक को सूचना दी।



### शॉर्ट सर्किट से आग लगने का जताया अंदेशा

एएसआई शैतान सिंह देवड़ा ने बताया कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट का हो सकता है। हालांकि जांच के बाद ही पता चल सकेगा कि आग किस कारण से लगी। उन्होंने बताया कि कांडला से कोयला भरकर ट्रोला सिरोही की तरफ आ रहा था, जबकि दूसरा ट्रोला ब्यावर की तरफ से पत्थर का पाउडर भरकर कांडला की तरफ जा रहा था। दोनों वाहनों की जोरदार टक्कर के बाद कोयले से भरे ट्रोले में आग लग गई। इसके चलते वाहन का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक और हेल्पर उसमें फंस गए। आग में जिंदा जलने से दोनों की मौत हो गई। फायर बिग्रेड ने करीब 2:30 घंटे की मशक्कत के बाद पूरी तरह से आग पर काबू पाया। क्रेन की मदद से जले हुए दोनों वाहनों को सड़क से हटवा कर यातायात सुचारू करवाया।

### बचाने के लिए चिल्लाते रहे, लेकिन नहीं मिली मदद

घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे का मंजर बहुत ही हृदय विदारक था। कोयले से भरे ट्रोले का केबिन पूरी तरह से पिचक गया। इसके बाद ट्रोले में आग लगने पर चालक और हेल्पर मदद के लिए चिल्लाने लगे, लेकिन उनकी मदद करने वाला कोई नहीं था। इसके चलते आग में जलने से दोनों की मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद पाउडर से भरे ट्रोले का चालक मौके से भाग गया।

### मृतकों की हुई पहचान

हादसे में जिंदा जले चालक और खलासी की पुलिस ने पहचान कर ली है। मृतकों के नाम इरफान मोहम्मद और इरसाफ हैं, जो भरतपुर जिले के निवासी हैं। घटना की सूचना दोनों मृतकों के परिजनों को दे दी गई। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से पुलिस ने जिंदा जले दोनों व्यक्तियों के शवों को ट्रोले से बाहर निकलवा कर मोर्चरी में रखवाया। घटना के बाद काफी देर तक यातायात बाधित रहा।

**आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस**

# लिफ्ट देकर महिला को कार में बिठाया, लूटपाट कर फरार

■ दिल्ली जाने के लिए कर रही थी बस का इंतजार



**बेधड़क** | दौसा

जिले में एक महिला को लिफ्ट देकर लूटपाट करने का मामला सामने आया है। वारदात के बाद पीड़ित महिला को आरोपी मानपुर थाने के पास उतार कर फरार हो गए। यहां बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। इसके आधार पर पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, शनिवार की दोपहर करीब तीन बजे एक महिला को बदमाशों ने लिफ्ट देने के बहाने अपनी कार में बैठा लिया।

फिर उसके गहने लूट कर उसे मानपुर थाने के पास छोड़कर फरार हो गए। उसके बाद से मानपुर थाना पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला दिल्ली के सरोजनी नगर थाने में तैनात एक हेड कांस्टेबल की पत्नी हैं। वह अपने पति के पास दिल्ली जाने को घर से बालाजी मोड़ पर बस का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान एक सफेद रंग की कार में तीन युवकों ने उन्हें लिफ्ट देने की बात कही। इनमें से एक युवक ने अपने आपको पुलिस में और दूसरे ने खुद को फौज में बताया। इस पर महिला कार में बैठकर उनके साथ रवाना हो गईं।

फिर चलती कार में महिला को डरा-धमका कर आरोपियों ने गहने उतरवा लिए। इसके बाद उसको मानपुर थाना क्षेत्र में छोड़कर फरार हो गए। पीड़ित महिला ने मानपुर थाने पहुंचकर पुलिस को आप बीती बताई। इस पर पुलिस ने महिला को मेहंदीपुर बालाजी थाना इलाके का हवाला दिया। लेकिन करीब पांच घंटे का सफर कर पीड़िता का पति दिल्ली से मानपुर थाना पहुंचा। फिर उसने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। अब पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

**भाजपा जिला चुनाव प्रभारी बिधुड़ी** ने बोला जुबानी हमला

# कांग्रेस के कुशासन से आमजन त्रस्त

**बेधड़क** | टोंक

भाजपा नेता एवं जिला चुनाव प्रभारी रमेश बिधुड़ी ने कहा कि राजस्थान की जनता कांग्रेस सरकार के कुशासन से त्रस्त हो गई है। इस चुनाव में जनता ने भ्रष्टार में डूबी इस सरकार को विदा करने का मन बना लिया है। प्रदेश की जनता अब परितर्वन चाहती है।



बिधुड़ी ने सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में मीडिया मुखातिब होकर कहा कि लोगों में परिवर्तन को लेकर उत्साह है। राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने जनता से और किसानों के साथ वादा खिलाफी की। युवाओं के सपनों को रौंदने का काम किया। सरकार महिलाओं की सुरक्षा में नाकाम है। वहीं राजस्थान के विकास को अवरूद्ध कर दिया है। राजस्थान में पेट्रोल डीजल व बिजली सबसे महंगी है। राजस्थान की सरकार द्वारा वादा खिलाफी कर युवाओं एवं किसानों के साथ छलावा किया गया है। कांग्रेस के ही बड़े नेता एवं और विधायक अपनी ही पार्टी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा चुके हैं। इनके शासन में प्रदेश की जनता काफी परेशान रही है। अपने कार्यकाल में कांग्रेस ने राजस्थान की जनता की ओर ध्यान नहीं दिया और अब बड़ी-बड़ी घोषणाएं कर उन्हें लुभाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे जनता समझ चुकी है। राजस्थान की सरकार ने तुष्टिकरण की राजनीति की है।

प्रेसवार्ता में देवली-उनियारा से भाजपा प्रत्याशी विजय बैंसला ने कहा कि देवली उनियारा की जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है। देवली उनियारा में विकास ठप पड़ा है। उन्होंने कहा कि इस बार राजस्थान में फिर से कमल खिलेगा। भारतीय जनता पार्टी दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाएगी व राजस्थान में बदलाव लाएगी।

**दो दिवसीय आवासीय युवा** महिला संगम प्रशिक्षण सम्पन्न

# आदिवासी महिलाओं ने ली शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ

**बेधड़क** | पाली

गोड़वाड आदिवासी संगठन का दो दिवसीय आवासीय युवा महिला संगम प्रशिक्षण काम्बेश्वर महादेव मंदिर परिसर घांची धर्मशाला में सोमवार को आयोजित हुआ। इस मौके पर संगठन के संरक्षक डॉ. राजकमल पारीक ने कहा कि मतदान सभी का अधिकार है।

लोकतंत्र के इस उत्सव में अधिकाधिक भागीदारी निभाएं और शत प्रतिशत मतदान करें। उन्होंने 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव में अधिकाधिक मतदान के लिए गांव की चयनित प्रमुख नेतृत्वकर्ताओं को प्रेरित किया और मतदान करने की शपथ दिलाई।



मतदाता की भूमिका, वोट की ताकत, जागरूक मतदाता को लेकर विभिन्न जानकारी साझा की गई। महिलाओं ने शत प्रतिशत मतदान करने और अन्य को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ ली। इससे पूर्व संगठन के क्षेत्रीय समन्वयक वगताराम देवासी ने बताया कि प्रशिक्षण में नरेगा, पेसाकानून, वन मान्यता कानून के बारे में चर्चा हुई।

महिलाओं की भागीदारी, संगठन में नेतृत्व का महत्व, संगठन मजबूती, स्वास्थ्य, महिलाओं के विशेष कानून, मुफ्त कानूनी सहायता, राजस्थान डायन प्रताड़ना निवारक अधिनियम, बेटी-बचाओ-बेटी पढ़ाओ, गुड टच, बेड टच आदि का सहभागी प्रशिक्षण दिया गया। संयोजक पूनाराम ने बताया कि चुनाव में प्रमुख उम्मीदवारों को संगठन की ओर से घोषणा पत्र दिया जाएगा।

**अवैध गतिविधियों पर पैनी नजर**

# अभियान चलाकर अपराधियों को दबोच रही पुलिस

*प्रदेश में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के बाद से ही पुलिस प्रशासन अपराधियों की धर-पकड़ के लिए सक्रिय हो गया, वह सिलसिला लगातार जारी है। असामाजिक तत्वों की धरपकड़ के लिए पुलिस लगातार दबिश देर रही है वहीं नाकाबंदी कर अवैध गतिविधियों पर लगाम कस रही है। पुलिस की ओर से अभियान चलाकर नशा तस्करों, बड़ी मात्रा में नकदी ले जाने वालों, तस्करों, अवैध शराब कारोबारियों को दबोचा जा रहा है।*

### 26 लाख कैश, 4.78 किलो चांदी जब्त

**सीकर।** जिले में चलाए गए दो दिवसीय अभियान में जिला पुलिस ने कुल 140 लोगों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की। इस कार्रवाई में पुलिस ने 26 लाख 1300 रुपए नकद, 4 किलो 780 ग्राम चांदी तथा 1064 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। पुलिस द्वारा दी जा रही दबिश के चलते 26 वारंटियों ने विभिन्न न्यायालयों में समर्पण कर दिया। एसपी परिस देशमुख ने बताया कि शराब के अवैध कारोबार में लिप्त अपराधियों एवं वांछित अपराधियों को चिह्नित कर 160 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की 58 टीमें गठित कर शनिवार से सोमवार सुबह 6 बजे तक 48 घंटे का अभियान चलाया गया। इसके तहत कुल 50 अभियोगों में 47 अपराधियों को गिरफ्तार कर 1064 लीटर शराब व बिक्री रकम 17460 रुपए जब्त की गई। 26 वारंटियों ने विभिन्न न्यायालयों में समर्पण कर दिया। साथ ही सन्दिग्ध 26 लाख 1300 रुपए नकद व 4 किलो 780 ग्राम चांदी के बर्तन व सिक्के जब्त किए।

### अवैध शराब पकड़ी, 34 आरोपी धरे

**बाड़मेर।** जिले में अवैध शराब की धरपकड़ के लिए ऑपरेशन मदिरा धर नाम से एक विशेष अभियान चलाया गया। इसमें पिछले 24 घंटे के दौरान 3.56 लाख रुपए कीमत की 678 लीटर देशी व अंग्रेजी शराब, 31 लीटर हथकड़ शराब और एक कार व स्कूटी जब्त कर 34 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी दिगंत आनंद ने बताया कि अभियान के तहत वृत बाड़मेर में थाना कोतवाली द्वारा तीन जगहों पर 27 लीटर शराब व 1 स्कूटी, थाना सदर की ओर से 23 लीटर शराब, थाना नागाणा द्वारा 20 लीटर, थाना रिको द्वारा 36 लीटर व थाना ग्रामीण द्वारा 39 लीटर शराब जब्त की गई। थाना बाखासर द्वारा 21 लीटर, थाना सेडवा द्वारा 18 लीटर, थाना बीजराड द्वारा 113 लीटर व थाना धनाउ द्वारा 61 लीटर शराब जब्त की गई। वहीं थाना रामसर द्वारा 14 लीटर, थाना गडरारोड द्वारा 6 लीटर, पुलिस थाना शिव द्वारा 37 लीटर व थाना गिराब द्वारा 11 लीटर शराब जब्त की गई।

### जाली नोटों के साथ दो गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़।** कपासन थाना पुलिस ने बामणिया चौराहे पर नाकाबंदी में चोखा खेड़ा गांव की तरफ से आ रही एक स्विफ्ट कार को रोक उसमें बैठे दो आरोपियों से 72 हजार 100 रुपए के जाली नोट बरामद किए हैं। एसपी राजन दुष्यंत ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि गांव चोखा खेड़ा से दो व्यक्ति नकली नोट लेकर किसी पार्टी को देने स्विफ्ट कार से चटावड़ी भीमगढ़ की तरफ जाएंगे। सूचना पर भट्टों का बामणिया चौराहे पर नाकाबंदी की गई।इस दौरान सन्दिग्ध स्विफ्ट कार का चालक नाकाबंदी देख यूटर्न लेकर भागने लगा तो पुलिस ने घेर कर कार को रोका लिया। चालक विनोद जाट (30) निवासी चोखा खेड़ा के पास 500 के 60 नोट व 100 रुपए के 11 नोट सहित 31 हजार 100 रुपए तथा पास बैठे रतनलाल जाट (27) निवासी तुर्किया कला के पास 200 रुपए के 205 नोट मिले। नकली नोट व कार जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

# रोडवेज बस से बरामद की 1.70 करोड़ की स्मैक

**बेधड़क** | उदयपुर

झालावाड़। जिले में शहर कोतवाली पुलिस ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए एक बस से तस्करी कर ले जाई जा रही 1.70 करोड़ रुपए की स्मैक बरामद की है। पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिससे नशे के नेवटर्क को लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। जिला पुलिस अधीक्षक रिचा तोमर ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है।

ऐसे में अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजी लाल मीणा व डीएसपी मुकुल शर्मा के निर्देशन पर सोमवार को शहर कोतवाली थाना प्रभारी भूरी सिंह को देवरीघटा के समीप नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के निर्देश दिए गए थे।



कोटा डिपो की झालावाड़ से कोटा जाने वाली एक रोडवेज बस की सघन तलाशी ली गई। इस दौरान बस में बैठे संदिग्ध व्यक्ति श्याम सिंह के बैग की तलाशी ली गई तो उसमें 850 ग्राम स्मैक बरामद हुई। इसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत 1 करोड़ 70 लाख रुपए है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर किया है।

**चुनावी पोळ**

कोई ढोके मंदिर देवरा
पूछे कोई राजयोग।
देखो लीला चुणाव री
ईडी ढूंढ़े माया जोग।।
■ गजानन

**विधानसभा चुनाव** भाजपा-कांग्रेस ने अब तक बांटे 400 में से 219 टिकट

# चुनाव में 25 दिन, अभी महज 26 फीसदी सीटों पर साफ है तस्वीर




**बेधड़क । जयपुर**

प्रदेश के विधानसभा चुनावों में महज 25 दिन बचे हैं। नामांकन की प्रक्रिया भी सोमवार से शुरू हो गई और पहले दिन कई नेताओं ने नामांकन भर भी दिया है। चुनाव इतना नजदीक होने के बावजूद प्रदेश की 200 में से महज 52 सीटों यानि 26 प्रतिशत सीटों पर दोनों बड़े दलों यानि बीजेपी व कांग्रेस दोनों के चेहरों की तस्वीर साफ हुई है। भाजपा ने उम्मीदवारों की दो और कांग्रेस ने 3 सूचियां जारी कर दी हैं।बीजेपी ने 124 व कांग्रेस ने 95 उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं लेकिन आमने सामने की चुनावी लड़ाई सिर्फ 52 सीटों पर क्लीयर हुई हैं। इस चुनाव में तीसरे मोर्चे की पार्टियां भी जोर आजमाइश कर रही हैं। दिल्ली में तीन बार व पंजाब में एक बार सरकार बना चुकी आम आदमी पार्टी, उत्तर प्रदेश की सत्ता पर चार बार काबिज हो चुकीं बहुजन समाज पार्टी से लेकर राष्ट्रीय लोकतान्त्रिक पार्टी, आजाद समाज पार्टी तक ने कई सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। रालोपा व बीएपी के उम्मीदवारों ने मुकाबले को रोचक बना दिया है।

### इन सीटों पर भाजपा-कांग्रेस के चेहरे तय

| विधानसभा | भाजपा | कांग्रेस | विधानसभा | भाजपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|---|
| सांगानेर | भजनलाल शर्मा | पुष्पेन्द्र भारद्वाज | सोजत | शोभा चौहान | निरंजन आर्य |
| बायतू | बालाराम मूढ | हरीश चौधरी | सिरोही | ओटाराम देवासी | संयम लोढ़ा |
| परबतसर | मानसिंह किनसरिया | रामनिवास गावड़िया | खेरवाड़ा | नानालाल आहरी | दयाराम परमार |
| नवलगढ़ | विक्रम सिंह जाखल | राजकुमार शर्मा | सलूंबर | अमृतलाल मीणा | रघुवीर मीणा |
| नीमकाथाना | प्रेम सिंह बाजोर | सुरेश मोदी | घाटोल | मानशंकर निनामा | नानालाल निनामा |
| बस्सी | चंद्रमोहन मीणा | लक्ष्मण मीणा | निंबाहेड़ा | श्रीचंद कृपलानी | उदयलाल आंजना |
| बीकानेर (प) | जेठानंद व्यास | बीडी कल्ला | मांडल | उदयलाल भड़ाना | रामलाल जाट |
| वैर | बहादुर सिंह कोली | भजनलाल जाटव | बागीदौरा | महेन्द्रजीत मालवीया | कृष्णा कटारा |
| सांचोर | देवजी पटेल | सुखराम बिश्नोई | प्रतापगढ़ | रामलाल मीणा | हेमंत मीणा |
| सवाई माधोपुर | डॉ. किरोड़ी लाल मीणा | दानिश अबरार | नोहर | अमित चाचाण | अभिषेक माटोरिया |
| कुशलगढ़ | भीमा डामोर | रमिता खड़िया | मालवीय नगर | डॉ. अर्चना शर्मा | कालीचरण सर्राफ |
| रतनगढ़ | अभिनेष महर्षि | पूसाराम गोदारा | नाथद्वारा | सीपी जोशी | विश्वराज सिंह मेवाड़ |
| बगरू | कैलाश वर्मा | गंगा देवी | जायल | मंजू देवी मेघवाल | मन्जू बाघमार |
| देवली-उनियारा | विजय बैंसला | हरीश मीणा | लक्ष्मणगढ़ | गोविंद सिंह डोटासरा | सुभाष महरिया |
| नोखा | बिहारी लाल बिश्नोई | सुशीला डूडी | मंडावा | रीटा चौधरी | नरेन्द्र खीचड़ |
| झुंझुनूं | बबलू चौधरी | बृजेंद्र ओला | सुजानगढ़ | मनोज मेघवाल | संतोष मेघवाल |
| फतेहपुर | श्रवण चौधरी | हाकम अली खान | मुंडावर | ललित कुमार यादव | मनजीत चौधरी |
| कोटपूतली | हंसराज पटेल गुर्जर | राजेंद्र यादव | अलवर ग्रामीण | टीकाराम जूली | जयराम जाटव |
| दूदू | डॉ. प्रेमचंद बैरवा | बाबूलाल नागर | डूंगरपूर | गणेश घोघरा | बंशीलाल कटारा |
| बानसूर | देवी सिंह शेखावत | शकुंतला रावत | मांडलगढ़ | विवेक धाकड़ | गोपाल लाल शर्मा |
| डीग कुम्हेर | डॉ. शैलेश सिंह | विश्वेन्द्र सिंह | तारानगर | नरेन्द्र बुडानिया | राजेन्द्र राठौड़ |
| लालसोट | रामबिलास मीणा | परसादी लाल मीणा | सुरजगढ़ | श्रवण कुमार | संतोष अहलावत |
| खंडार | जितेंद्र गोठवाल | अशोक बैरवा | बांदीकुई | गजराज खटाना | भागचंद डाकरा |
| पुष्कर | सुरेश सिंह रावत | नसीम अख्तर इंसाफ | धौलपुर | शोभारानी कुशवाहा | शिवचरण कुशवाहा |
| केकड़ी | शत्रुघ्न गौतम | डॉ. रघु शर्मा | सपोटरा | रमेश चंद मीणा | हंसराज मीणा |
| नावां | विजय सिंह चौधरी | महेंद्र चौधरी | रेवदर | मोतीराम कोली | जगसीराम कोली |

### RLP के ये उम्मीदवार

| | |
|---|---|
| खींवसर | हनुमान बेनीवाल |
| भोपालगढ़ | पुखराज गर्ग |
| मेड़ता | इंदिरा देवी बावरी |
| परबतसर | लछाराम बडारड़ा |
| कोलायत | रेवतराम पंवार |
| सहाड़ा | बद्रीलाल जाट |
| बायतू | उम्मेदाराम बेनीवाल |
| सरदारशहर | लालचंद मूंड |
| सांगानेर | महेश सैनी |
| जोधपुर शहर | डॉ. अजय त्रिवेदी |

### आप के 60 उम्मीदवार घोषित

आम आदमी पार्टी ने अभी 60 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। पार्टी ने आमेर सीट पर पीएस तोमर, विद्याधर नगर से संजय बियानी और बगरू से रितु सांवरिया, गंगानगर से डॉ. हरीश रहेजा, रायसिंह नगर से धन्ना राम मेघवाल, भादरा से महंत रूपनाथ, पिलानी से राजेंद्र मावर, नवलगढ़ से विजेंद्र डोटासरा, खंडेला से राजेश वर्मा, नीम का थाना से महेंद्र मांड्या, मुंडावर से अनिता चौधरी, थानागाजी से कैलाश मीना, वैर से चरणदास जाटव, बयाना से मुकेश टाइगर, निवाई से महेश कुमार, देवली से डॉ. राजेंद्र सिंह मीणा, गोगुंदा से हेमाराम, उदयपुर से मनोज लबाना, डूंगरपुर से देवेंद्र कटारा, आसपुर से मुकेश कुमार, चौरासी से शंकर लाल आमलिया और कुशलगढ़ से विजय सिंह को टिकट दिया है। सिविल लाइंस से अर्चित गुप्ता, बीकानेर वेस्ट से मनीष शर्मा, रतनगढ़ से संजू बाला, सीकर से झाबरसिंह खींचड़, शाहपुरा से रामेश्वर प्रसाद सैनी, चौमूं से हेमंत कुमार कुमावत, बस्सी से रामेश्वर प्रसाद, बहरोड़ से हरदान सिंह, रामगढ़ से विश्वेन्द्र सिंह, नदबई से रोहिताश्व चतुर्वेदी, करौली से हिना फिरोज बेग, सवाई माधोपुर से मुकेश भूप्रेमी, खंडार से मनफूल बैरवा, मारवाड़ जंक्शन से नरपत सिंह, बाली से लालसिंह, जोधपुर से रोहित जोशी, सांचौर से रामलाल विश्नोई, शाहपुरा से पूरणमल खटीक, पीपल्दा से दिलीपकुमार मीणा, छबड़ा से आरपी मीणा और खानपुर से दीपेश सोनी को उतारा है। सादुलशहर से गुरविंदर कौर बराड़, करणपुर से प्रो. सुखविंदर सिंह, सूरतगढ़ से लीलाधर स्वामी, पीलीबंगा से वीरेंद्र मेघवाल, आदर्श नगर से उमरदराज,अलवर ग्रामीण से महावीर प्रसाद, राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ से नंदलाल मीणा, कठूमर से सुनील बैरवा, टोडाभीम से आसाराम मीणा, पुष्कर से अक्षयराज, डीडवाना से रामनिवास रायल, डेगाना से गणेश मीणा, नावां से गजेंद्र सिंह, आसींद से राणा खान, बूंदी से किशन लाल मीणा और अंता से ओम गोचर को प्रत्याशी बनाया है।



**बिहाइंड द कर्टेन**

## प्यादों की चाल में वजीर चक्करघिन्नी

राजनीति भी अजीब है। कब पासा पलट जाए कोई नहीं जानता। पार्टी को कल तक जो भविष्य की उम्मीद नजर आ रहे थे वे आज टिकट मिलने के नाम से ही घबरा रहे हैं। कुछ ऐसे हैं जिन्हें क्षेत्र में जाकर तैयारी करने के संकेत दे दिए थे उनके नाम पर पेंच फंस गया है। कई ऐसे हैं जिन्हें टिकट मिल गया पर सामने हाय-हाय करते बगावती नजर आ रहे हैं। क्षेत्र में जाने के नाम से कंपकंपी छूट रही है। जब तक आस तब तक सांस। कौन किस मोड़ पर काम आएगा या दगा दे जाएगा, कहा नहीं जा सकता। तो दौड़ जारी है। क्या जयपुर और क्या दिल्ली! अपनी पार्टी ने टिकट नहीं दिया तो? विकल्प की कोई कमी नहीं है। निर्दलीय मैदान में कूद पड़ो। पार्टी नहीं चाहती पर छत्तीस कौम का दबाव कोई कैसे टाल सकता है! फिर दूसरा विकल्प तीसरा मोर्चा या ऐसे दल हैं जिनका कोई जनाधार नहीं है। वह भी ऐसे लोगों को टिकट देने को तैयार है जो जीतने की स्थिति में भले ही ना हो, पर किसी का खेल तो बिगाड़ ही सकता है। एक नई परिस्थिति भी है जो भविष्य में भरोसा रखने वालों को बगावत करने के लिए मजबूर कर रही है। कई ऐसे प्रत्याशी हैं जिन्होंने पिछली बार पार्टी से बगावत की और चुनाव लड़ लिए। उनमें से कुछ को इस बार पार्टी ने टिकट से नवाज दिया। यह परिस्थिति कई लोगों को राजनीति में बने रहने के लिए अनुकूल नजर आ रही है। इस बार बगावत कर के चुनाव लड़ लो, क्या पता अगले चुनाव में पार्टी टिकट दे दे। राजनीति में पांच साल ज्यादा नहीं होते। आलाकमान के सामने भी मुसीबत कम नहीं है। पार्टी का सर्वे, ऐजेंसी सर्वे, जनता का मूड एक तरफ। किसी नाम पर आलाकमान को ऐतराज है तो उसी नाम को प्रदेश के मुखिया क्लियर कराना चाहते हैं। किसी ने बुरे वक्त में साथ दिया तो किसी के पास पार्टी का फंड है। ऐसे नाम कैसे कट सकते हैं? तो फिलहाल सूची अटक रही है। हर तरफ उलझन नजर आ रही है।

■ यायावर

**ई वॉर**

Rajasthan PCC
@INCRajasthan
वह व्यक्ति कौन हैं जो अगर प्रयास करते तो केंद्र सरकार ERCP के लिए पैसा दे सकती थी?

C. P. Joshi
@cpjoshiBJP
वाह जादूगर गहलोत जी, आपकी जादूगरी की मिसाल नहीं। फ्री बिजली लेकिन तारों में करंट नहीं। प्रदेश में हजारों उद्योग धंधे आपके गलत निर्णयों से चौपट हो चुके हैं। किसानों को साढ़े चार वर्षों तक बिजली के लिए तरसाने के बाद आपने अंतिम छह महीनों में जो फ्री बिजली का वादा किया उससे जनता भ्रमित नहीं होने वाली।
अब ईवीएम पर जनता सिर्फ कमल का बटन दबाएगी, कांग्रेस को भगाएगी।

**पॉली टून**




**थड़ी पॉलीटिक्स**

## जो काम का हो उसे करें वोट तो सारी पार्टियां आ जाएंगी लाइन पर

**स्थान** जनता चाय **समय** दोपहर 6:25 बजे

**बापू बाजार, जयपुर**



सुबह और शाम के समय सर्दी ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। साथ ही दिवाली का उत्साह भी धीरे-धीरे बाजारों से लेकर घरों तक दिखाई देने लगा है। इधर, चुनावी रौनक अभी पूरी तरह सड़कों पर नहीं दिखाई दे रही, वजह है चुनाव में उतरने वाले चेहरों का पूरी तरह से साफ ना होना। दोनों ही बड़ी पार्टियों के उम्मीदवारों के नाम बैठकों से बाहर निकल कर पोस्टर्स पर नहीं आ पा रहे। माहौल चाहे सड़कों पर ना दिखे, लोगों की बातों में भरपूर दिखाई दे रहा है। शहरों से लेकर गांवों तक लोगों की आपसी बातचीत का केंद्र बिंदु इन दिनों चुनावी समीकरण ही हैं। तो, वोट की ताकत से सरकार बदलने वाले लोगों की आपसी चर्चा से राजनीति का रुख समझने हम पहुंचे हैं बापू बाजार में चाय की स्टॉल जनता चाय पर। इधर-उधर बैठे कई ग्रुप्स में गपशप का माहौल है। एक ग्रुप में चर्चा राजनीति की सुनाई दी तो उधर जा टिके। "चुनाव के बाद आएंगे अबकी बार सारे उम्मीदवारों के नाम। जाके सो जाओ घर पर। इनकी आपस की लड़ाई ही निपटने का नाम नहीं ले रही। मीटिंग-मीटिंग का खेल चल रहा है बस।" चाय की चुस्की के साथ भारत मीणा ने चलती बात में अपना छौंक डाला तो सामने से रमेश भाटी ने बात को आगे बढ़ाया-"पार्टी भी क्या करें, कोई नेता पीछे हटने को ही तैयार नहीं। जब तक बड़े नेता अपना बड़ा दिल नहीं दिखाएंगे, हर बार ये ही होगा। बताओ यार, 3-4 बार एमएलए बन चुके नेता भी सीट नहीं छोड़ना चाहते।" मुद्दा सही था पर हीरालाल मीणा ने इसकी बारीकी को पकड़ा-"तो भाई, नए नेता में भी दम तो हो, तभी तो टिकट मिलेगा। ऐसे ऐसे नेता भी टिकट मांग रहे हैं जिनको उनके इलाके में कोई जानता नहीं। अब पार्टी को तो सरकार बनानी है तो वो ठोक-बजाके ही टिकट देगी।" बात ये भी सही थी, पर एक कोने में चाय का कप खाली करते हुए अनिल शर्मा ने इसे एक अलग ही एंगल दे दिया- "भाई पार्टियां और नेता तो ऐसे ही रहेंगे हमेशा। इन दोनों को जनता ही ठीक कर सकती है। हमें बस उस आदमी को सपोर्ट करना चाहिए जिसने काम किए हैं और काम करेगा। पार्टी, जाति, धर्म ही देखते रहेंगे तो ये ही हाल रहेगा। आदमी देखकर वोट करेंगे तो सारी पार्टियां लाइन पर आ जाएंगी।" चर्चा का मूल सार निकल कर आ गया था। और इसी के साथ चर्चा खत्म हुई।

**पॉली क्लिक्स**



### चुनावी डांडिया

चुनावी माहौल में जनता के बीच अपनी पहुंच बनाने के लिए नेता इन दिनों नए-नए जतन कर रहे हैं। जना से कनेक्शन बनाने के लिए जनसंपर्क के दौरान हर वो काम किया जा रहा है जिससे लोगों को लुभाया जा सके। सिविललाइंस से कांग्रेस प्रत्याशी प्रतापसिंह खाचरियावास हाल ही अपने दौरे के दौरान एक कार्यक्रम में महिलाओं के साथ डांडिया खनकाते नजर आए।

**चुनावी इतिहास के झरोखे से**

# अंतिम चुनाव में नाथूराम मिर्धा ने मांगी थी वोट की 'थेपड़ी', मिले थे 51.33 प्रतिशत वोट



■ गुलाब बत्रा, वरिष्ठ पत्रकार
gulabbatra@gmail.com

मानव का जन्म और मृत्यु इस सृष्टि का शाश्वत सत्य है। जन्म के अवसर पर खुशी एवं मृत्यु पर गमी का माहौल भी हमारी परम्परा है। मृत्यु पर अंतिम संस्कार के कई रूप हैं। शव के अंतिम संस्कार के अंत में श्मशान स्थल पर उपस्थित लोग चिता में कण्डे का एक टुकड़ा जलती चिता में डालकर दिवंगत को अंतिम प्रणाम करते हैं। मारवाड़ी भाषा में इसे 'थेपड़ी' कहा जाता है। आप सोच रहे होंगे कि चुनावी किस्सों के बीच ऐसा क्यों लिखा जा रहा है। जब आप पूरी कहानी की तह में जाएंगे तो 'थेपड़ी' का रहस्य खुल जाएगा।

**तो इस थेपड़ी के नायक थे नाथूराम मिर्धा**- नागौर जिले के कुचेरा गांव में सामान्य कृषक परिवार में 20 अक्टूबर 1921 को जन्म हुआ। वकालत की अपेक्षा उन्होंने किसानों की समस्याओं से जूझने के लिए सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन को मिशन बनाया। देशज भाषा में खरी-खरी बात कहने वाले इस नेता को सुनने के लिए देर रात तक चुनाव सभाओं में प्रतीक्षा रहती। जोधपुर के घंटाघर मैदान में रात्रि दो बजे उनकी सभा के कवरेज का अवसर मुझे मिला था।

मीरा की धरती मेड़ता (पश्चिम) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1952 में अपना चुनावी सफर आरम्भ करने वाले नाथूराम मिर्धा ने 1996 में दिल्ली से आखरी चुनाव लड़ा। स्वाधीनती संग्राम के सेनानी मिर्धा ने तत्कालीन जोधपुर रियासत के किसानों को संगठित किया। रियासत में स्वतंत्रता से पूर्व जयनारायण व्यास की अगुवाई में गठित लोकप्रिय सरकार में नाथूराम मिर्धा को भी मंत्री मनोनीत किया गया। विधानसभा का पहला चुनाव जीतने के बाद मिर्धा को तत्कालीन



मुख्यमंत्री राज्याराम पालीवाल, जयनारायण व्यास एवं मोहन लाल सुखाड़िया मंत्रिमंडल में जगह मिली।

मिर्धा के जीवन में 'पहली बार' का टोटका भी महत्वपूर्ण रहा है। वर्ष 1911 में प्रथम बार लोकसभा में दस्तक देने पहुंचे नाथूराम मिर्धा को राष्ट्रीय कृषि आयोग का अध्यक्ष बनाया गया।। आयोग ने समूचे देश के लिए खेती किसानी, पशुपालन, मानव संसाधन सहित कृषि से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों का सर्वेक्षण किया और नीति निर्धारण के उद्देश्य से लगभग बीस खण्डों में रिपोर्ट तैयार की। फसल चक्र के संदर्भ में इस रिपोर्ट को भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया।

नाथूराम मिर्धा 1952 में मेड़ता पश्चिम से, 1957 में नागौर से और 1962 में पुनः मेड़ता से विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए। लेकिन 1967 में पराजित हुए। इसी साल उन्हें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया। वर्ष 1985 में वह पुनः आठवीं विधानसभा के सदस्य बने लेकिन 1989 में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए त्यागपत्र दिया।

### छह बार चुने गए थे लोकसभा के लिए

वर्ष 1977 में लोकसभा की पहली पारी खेलने वाले नाथूराम मिर्धा छह बार चुने गए लेकिन इसे चुनावी छक्का नहीं कहा जा सकता। वह 1971-1977 तथा 1980 में फिर 1989-1991 एवं 1996 में दो बार तिकड़ी चुनावी जीत के हीरो बने। आपातकाल के पश्चात 1977 के चुनाव में जनता लहर की आंधी में उत्तर भारत में कांग्रेस पार्टी का सफाया हुआ लेकिन राजस्थान में केवल नाथूराम मिर्धा नागौर की सीट बचाने में सफल रहे। वर्ष 1984 में अपने परिवार के रामनिवास निर्धा से पराजित होकर 1989 में उन्हें हराकर हिसाब बराबर किया। तब वह जनता दल के प्रत्याशी थे। वर्ष 1991 में दसवीं लोकसभा चुनाव में 58.41 प्रतिशत वोट लेकर मिर्धा ने भाजपा के सुशीलकुमार को हराया। भाजपा प्रत्याशी को केवल परबतसर विधानसभा क्षेत्र में लीड मिली। शेष पांच लोकसभा चुनावों में उन्हें सभी आठों विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त मिली। वर्ष 1996 में ग्यारहवीं लोकसभा के चुनाव में बीमार नाथूराम मिर्धा ने नामांकन पत्र भरा लेकिन चुनाव प्रचार में नहीं जा सके। बस उनकी एक अपील ने कमाल कर दिया। मतदाताओं से उनका कहना था कि वे मेरी जिंदगी के अंतिम चुनाव में 'थेपड़ी' के रूप में वोट डालें। कुल मतदान के 51.33 प्रतिशत मतदाताओं ने मिर्धा की झोली वोटों से भर दी। महाभारत काल में धनुर्विद्या सिखाने वाले गुरु द्रोणाचार्य को जा अहिछत्रपुर इलाके की भूमिदान में दी गई वही क्षेत्र वर्तमान नागौर का हिस्सा माना जाता है। ऐसा लगा कि इतिहास की पुनरावृति हो गई। चुनाव के कुछ माह बाद मिर्धा का निधन हो गया। उपचुनाव में उनके पुत्र भानुप्रकाश मिर्धा (भाजपा) भी सहानुभूति लहर में जीत गए।

# निरंतर केसलर सिंड्रोम का घर बन रहा है अंतरिक्ष




**सुनील कुमार महला**
स्वतंत्र पत्रकार व पर्यावरणविद्


विज्ञान और प्रौद्योगिकी के इस आधुनिक युग में अंतरिक्ष कचरा एक बड़ी समस्या है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास के साथ ही अंतरिक्ष मलबे में लगातार वृद्धि देखी जा रही है, क्योंकि अंतरिक्ष उद्योग आज अत्यंत तेजी से बढ़ रहा है। आज विश्व का हरेक देश अंतरिक्ष के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानने का इच्छुक है और अंतरिक्ष की इसी होड़ ने अंतरिक्ष कचरे को भी जन्म दिया है। अंतरिक्ष कचरा आज एक बड़ी व गंभीर समस्या इसलिए बना हुआ है क्योंकि तैरता हुआ अंतरिक्ष मलबा परिचालन उपग्रहों हेतु संभावित खतरा है। इन मलबों से टकराने से उपग्रह नष्ट हो सकते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि अंतरिक्ष में एकत्रित हो रहा कचरे का ढेर भविष्य में धरती पर रह रहे लोगों के साथ-साथ यहां सक्रिय तमाम उपग्रहों, अंतरिक्ष यात्रियों और अंतरिक्ष स्टेशन के लिए भी घातक साबित हो सकता है। इतना ही नहीं, इससे हमारी संचार व्यवस्था के भी प्रभावित होने का खतरा पैदा हो सकता है। अंतरिक्ष में तैरते कचरे से टकराने पर अंतरिक्ष यान और एक्टिव सैटेलाइट्स नष्ट हो सकते हैं। इसके साथ ही, धरती पर इंटरनेट, जीपीएस, टेलीविजन प्रसारण जैसी अनेक आवश्यक सेवाएं भी बाधित हो सकती हैं। वास्तव में अंतरिक्ष कचरे के बहुत से खतरे हैं और इस पर अंकुश लगाने की पहल की जानी आवश्यक है, क्योंकि धरती के पर्यावरण की भांति ही आज अंतरिक्ष का पर्यावरण भी गड़बड़ाता चला जा रहा है। मतलब यह है कि अंतरिक्ष पर्यावरण पर अंतरिक्ष मलबे का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। केसलर सिंड्रोम अंतरिक्ष में वस्तुओं और मलबे की अत्यधिक मात्रा को संदर्भित करता है।

ज्ञात रहे जैसा कि कुछ समय पूर्व 111 पेलोड और 105 अंतरिक्ष मलबे को पृथ्वी की परिक्रमा करने वाली भारतीय वस्तुओं के रूप में पहचाना गया है। वास्तव में अंतरिक्ष मलबा अंतरिक्ष में ही परिक्रमा करता है और अंतरिक्ष में परिक्रमा कर रहा यह मलबा बाहरी अंतरिक्ष को तो प्रभावित कर ही सकता है, साथ ही इससे भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के प्रभावित होने की संभावनाएं हैं। अब हमें यहां यह समझने की जरूरत है कि आखिर अंतरिक्ष मलबा है क्या? तो इस संबंध में जानकारी देना चाहूंगा कि अंतरिक्ष मलबा पृथ्वी की कक्षा में मानव निर्मित या मानव द्वारा बनाई गई विभिन्न वस्तुओं को संदर्भित करता है जो अब किसी उपयोगी उद्देश्य की पूर्ति नहीं करते हैं। अंतरिक्ष मलबे में प्रयोग किए गए रॉकेट, निष्क्रिय उपग्रह, अंतरिक्ष निकायों के टुकड़े और एंटी-सैटेलाइट सिस्टम (ए-सैट) से उत्पन्न मलबा शामिल होता है। एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक में छपी एक खबर के अनुसार अंतरिक्ष में इस समय रूस के 7032, अमेरिका के 5216, चीन के 3854, फ्रांस के 520, जापान के 117 और भारत के 114 सैटेलाइट्स और रॉकेट्स हैं। ये एक से 10 सेमी के बराबर करीब 5 लाख से भी ज्यादा स्पेस जंक हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के अनुसार करीब 8,400 टन कचरा अंतरिक्ष में है, जिसमें अधिकतर 18 हजार से लेकर 28 हजार माइल्स प्रति घंटे की रफ्तार से पृथ्वी की कक्षा में घूम रहे हैं। अगर एक भी ऑब्जेक्ट कहीं गिरा तो वहां भारी तबाही मचा सकता है। नासा के अनुसार अंतरिक्ष में इस समय 20 हजार से भी ज्यादा छोटे-बड़े उपकरण कचरा बन चुके हैं और पृथ्वी की निचली कक्षा में चक्कर लगा रहे हैं। नासा के अनुसार भारत के 206 टुकड़े हैं। इनमें 89 टुकड़े पेलोड और 117 टुकड़े रॉकेट के हैं। जबकि भारत से लगभग 20 गुना ज्यादा मलबा चीन का है, उसके लगभग 3,987 टुकड़े अंतरिक्ष में घूम रहे हैं।

> *“अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के अनुसार करीब 8,400 टन कचरा अंतरिक्ष में है, जिसमें अधिकतर 18 हजार से लेकर 28 हजार माइल्स प्रति घंटे की रफ्तार से पृथ्वी की कक्षा में घूम रहे हैं। अगर एक भी ऑब्जेक्ट कहीं गिरा तो वहां भारी तबाही मचा सकता है। नासा के अनुसार अंतरिक्ष में इस समय 20 हजार से भी ज्यादा छोटे-बड़े उपकरण कचरा बन चुके हैं।”*

ये ऑब्जेक्ट 0.11 सेमी से कई मीटर तक बड़े हो सकते हैं। यहां पाठकों को यह जानकारी देना चाहूंगा कि जर्मन डेटाबेस कंपनी स्टेटिस्टा ने उन देशों की एक लिस्ट जारी की है, जो अंतरिक्ष में सबसे ज्यादा कचरा पैदा करने के लिए जिम्मेदार हैं। इस लिस्ट के अनुसार अंतरिक्ष में सबसे ज्यादा कचरा फैलाने में रूस नंबर वन पर है। रूस की 7 हजार से अधिक रॉकेट बॉडी कचरे के तौर पर स्पेस में घूम रही हैं। लिस्ट में दूसरे नंबर पर अमेरिका है। 5,216 स्पेस कचरे के टुकड़ों के साथ अमेरिका अंतरिक्ष में मलबे को बढ़ा रहा है। अमेरिका के बाद लिस्ट में चीन का नंबर है। लिस्ट में तीसरे नंबर पर चीन का नाम है। चीन ने 3,845 मलबे के टुकड़ों को अंतरिक्ष में छोड़ा हुआ है, जो भविष्य में स्पेस मिशनों के लिए चुनौती बन सकते हैं। जापान और फ्रांस क्रमशः चौथे और पांचवें नंबर पर हैं। इनके 520 और 117 मलबे के टुकड़े अंतरिक्ष में तैर रहे हैं। भारत का नाम इस लिस्ट में छठे नंबर पर है। जैसा कि अंतरिक्ष में भारत के 114 टुकड़े मलबे के रूप में तैर रहे हैं। लिस्ट में यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी सातवें नंबर पर है। उसके मिशनों के 60 टुकड़े अंतरिक्ष में कचरे के रूप में तैर रहे हैं।

यूनाइटेड किंगडम भी इस लिस्ट में 8वें नंबर पर शामिल हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के अनुसार अंतरिक्ष मलबे को ट्रैक करने की क्षमता में सुधार से परिचालन उपग्रहों और मानव अंतरिक्ष मिशनों के जोखिमों को कम करने में मदद मिल सकती है। अंतरिक्ष कचरा खतरनाक इसलिए है क्योंकि इससे ओजोन परत को भी नुकसान पहुंच रहा है। अतः अंतरिक्ष में भी धरती की ही तरह स्वच्छता अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है। अन्यथा आने वाले समय में यह समस्या बहुत ही विकराल रूप धारण कर सकती है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर विशेष

# आधुनिक भारत के शिल्पकार थे पटेल





**अरविंद जयतिलक**
स्वतंत्र टिप्पणीकार


> *“पटेल ने पीवी मेनन के साथ मिलकर देशी राज्यों को भारतीय संघ में मिलाने का प्रयास तेज कर दिया। रियासती मंत्रालय द्वारा एक प्रवेश पत्र तैयार किया गया और भारतीय राजाओं से अपील की गई कि भारत के इतिहास में हम एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़े हैं। मिल-जुलकर देश को ऊंचा उठा सकते हैं। अलग-अलग रहने से नई मुसीबतों का सामना करना होगा। देशी राजाओं के रियासतों को भारतीय संघ में प्रवेश पाने के लिए इस प्रवेश पत्र पर हस्ताक्षर करने थे।”*

भारत राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देशवासियों में जो प्रेम, स्वाभिमान व सेवा की भावना पैदा की, वह उनकी राष्ट्रभक्ति व समाजभक्ति की अटूट मिसाल है। आज 31 अक्टूबर लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती है, ऐसे खास मौके पर सरदार पटेल को उनके ऐतिहासिक कार्यों के लिए स्मरण करना जरूरी हो जाता है। मातृभूमि के प्रति अगाध भक्ति और सत्य के प्रति अपरिमित निष्ठा ने उन्हें आजादी के संघर्ष का नायक बना दिया। गौरतलब है कि 1920 के दशक में गांधी के सत्याग्रह के जरिए ही सरदार पटेल कांग्रेस में शामिल हुए। इससे पहले वे अपनी शर्तों पर 1922, 1924 और 1927 में अहमदाबाद के नगर निगम के अध्यक्ष चुने गए। नगर निगम का अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने ढेरों सुधार के कार्य किए। वे दो बार कांग्रेस के सभापति भी रहे। कांग्रेस के अंदर उन्हें जवाहर लाल नेहरू का प्रतिद्वंदी माना जाता था। यद्यपि अधिकांश कांग्रेस समितियां पटेल के पक्ष में थी, लेकिन गांधी की इच्छा का सम्मान करते हुए उन्होंने स्वयं को प्रधानमंत्री पद की रेस से अलग कर लिया। हालांकि आजादी के बाद इन दोनों राजनेताओं के बीच कई मसलों पर मतभेद भी सामने आए और कई अवसरों पर दोनों ने अपने पद त्याग करने की धमकी भी दी, लेकिन उन्होंने राष्ट्रीय हितों से खिलवाड़ नहीं किया। सरदार पटेल की सबसे बड़ी उपलब्धि देशी रियासतों का भारतीय संघ में विलय कराना था।

उपप्रधानमंत्री, गृह, सूचना और रियासती विभागों के मंत्री रहते हुए उन्होंने जिस निर्भीकता और चतुराई से 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलिनीकरण कराया वह विश्व इतिहास की अदभुत घटना है। विश्व इतिहास में एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं हुआ जिसने इतनी बड़ी संख्या में राज्यों का एकीकरण करने का साहस दिखाया हो। अगस्त 1947 में जब अंग्रेजों ने भारत छोड़ा तो देश राजनीतिक दृष्टि से ब्रिटिश और भारतीय प्रांतों में बंटा हुआ था। ब्रिटिश भारत में नौ प्रांत गवर्नरों के थे और पांच चीफ कमिश्नरों के। इनके अतिरिक्त कुछ आदिम जाति प्रदेश, कुछ सीमांत प्रदेश और अंडमान निकोबार द्वीप समूह भी ब्रिटिश भारत में सम्मिलित थे।




भारतीय प्रांतों की संख्या पांच सौ से अधिक थी। इनमें हैदराबाद, कश्मीर, मैसूर, ट्रावनकोर और बड़ौदा शामिल थे। आमतौर पर सभी प्रांतों में निरंकुश शासन था। इनमें बहुत से प्रांत तो इस नाम के भी अधिकारी नहीं थे, क्योंकि उनके पास न तो पर्याप्त भू-क्षेत्र था और न ही उनके देखभाल के लिए जरूरी साधन। लेकिन 15 अगस्त, 1947 को जैसे ही इंग्लैंड की सर्वोच्च सत्ता समाप्त हुई सभी प्रांत प्रभुता संपन्न हो गए। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के अनुसार यह प्रांत पूर्ण रूप से स्वतंत्र थे और भारत या पाकिस्तान किसी भी अधिराज्य में सम्मिलित हो सकते थे।

यह प्रांत स्वतंत्र नहीं रह सकते थे। दोनों अधिराज्यों में से किसी एक में विलयन आवश्यक था और इसका फैसला भौगोलिक और राजनीतिक आधार पर ही हो सकता था। भारत में 600 से अधिक रियासतें विद्यमान थी। एक समृद्ध और सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए इन सबका भारत में विलय आवश्यक था। 5 जुलाई 1947 को एक रियासत विभाग की स्थापना की गई, जिसका प्रभार सरदार पटेल को सौंपा गया। पटेल ने पीवी मेनन के साथ मिलकर देशी राज्यों को भारतीय संघ में मिलाने का प्रयास तेज कर दिया। रियासती मंत्रालय द्वारा एक प्रवेश पत्र तैयार किया गया और भारतीय राजाओं से अपील की गई कि भारत के इतिहास में हम एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़े हैं। मिल-जुलकर देश को ऊंचा उठा सकते हैं। अलग-अलग रहने से नई मुसीबतों का सामना करना होगा। देशी राजाओं के रियासतों को भारतीय संघ में प्रवेश पाने के लिए इस प्रवेश पत्र पर हस्ताक्षर करने थे। भारतीय नरेशों के सामने दो विकल्प रखे गए। पहला विकल्प था वे अपनी रियासतों का भारतीय संघ में विलय कर लें। उनके अंदरूनी मामले में केंद्र सरकार कोई हस्तक्षेप नहीं करेगी। किंतु प्रतिरक्षा, विदेश संबंध और संचार साधनों पर केंद्र सरकार का पूर्ण नियंत्रण रहेगा। दूसरा विकल्प था कि यदि भारतीय राजा ऐसा नहीं करेंगे तो उनकी रियासतों को बल पूर्वक भारतीय संघ में विलय कर लिया जाएगा। पटेल के समझाने के बाद अधिकांश देशी राजाओं ने भारतीय संघ में विलय के प्रस्ताव को स्वीकार लिया, लेकिन जम्मू-कश्मीर, जूनागढ़ और हैदराबाद के राजाओं ने ऐसा करने से मना कर दिया।

जूनागढ़ एक छोटी रियासत थी और वहां पर नवाब का शासन था, लेकिन यहां की अधिकांश जनता हिंदू और वह जूनागढ़ का भारत में विलय चाहती थी। जबकि नवाब जूनागढ़ को पाकिस्तान में मिलाना चाहता था। किन्तु सरदार पटेल ने मौके की नजाकत भांप जूनागढ़ की जनता की सहायता के लिए सेना भेज दी। इससे डरकर नवाब पाकिस्तान भाग गया। बाद में जनमत संग्रह के आधार पर जूनागढ़ को भारत में मिला लिया गया। जूनागढ़ की तरह हैदराबाद की जनता भी हैदराबाद रियासत को भारत में देखना चाहती थी। इसके विपरीत हैदराबाद का निजाम हैदराबाद को एक स्वतंत्र राज्य बनाए रखना चाहता था। परिणामतः हैदराबाद की जनता ने विद्रोह कर दिया। विद्रोह को कुचलने के लिए निजाम ने जनता पर कहर ढाना शुरू कर दिया। लिहाजा सरदार पटेल ने 13 सितंबर 1948 को वहां सैनिक कार्रवाई के लिए भारतीय सेना भेज दी। 17 सितंबर 1948 को सरदार पटेल की सूझबूझ से हैदराबाद रियासत का विधिवत भारत में विलय कर लिया गया।

फरीदकोट के राजा ने भी विलय करने में कुछ आनाकानी की, लेकिन जब पटेल ने फरीदकोट के नक्शे पर लाल पेंसिल घुमाते हुए सिर्फ इतना पूछा कि 'क्या मर्जी है' तो राजा कांप उठा। जहां तक कश्मीर रियासत का सवाल है तो इसे पंडित नेहरू ने सुलझाने का भरोसा दिया था। अगर यह मौका पटेल को मिला होता तो कश्मीर मसला कोई समस्या ही नहीं रहता। सांस्कृतिक स्वाभिमान के प्रति आग्रही पटेल ने प्रधानमंत्री नेहरू के विरोध के बाद भी सोमनाथ के भग्न मंदिर के जीर्णोद्धार का फैसला लिया और पूरा किया। पटेल दूरदर्शी राजनेता थे। उनकी दूरदर्शिता का समुचित लाभ उठाया गया होता तो आज भारत को कई तरह की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता। 1950 में पटेल ने पंडित नेहरू को एक पत्र लिखकर चीन की तिब्बत नीति को लेकर आशंका व्यक्त की। पटेल ने कहा था कि तिब्बत पर चीन का कब्जा कई नई समस्याओं को जन्म देगा। आज यह सच साबित हो रहा है। गोवा की स्वतंत्रता को लेकर उनकी स्पष्ट नीति थी। कैबिनेट बैठक में उन्होंने कहा था कि 'क्या हम गोवा जाएंगे, सिर्फ दो घंटे की बात है' नेहरू इससे बेहद नाराज हुए थे। अगर पटेल की चली होती तो गोवा की स्वतंत्रता के लिए 1961 तक इंतजार नहीं करना पड़ता। बतौर गृहमंत्री पटेल ने भारतीय नागरिक सेवाओं का भारतीयकरण किया। नौकरशाही को राजभक्ति से देशभक्ति की ओर मोड़ा। विद्वानों ने उन्हें बिस्मार्क की संज्ञा दी है, लेकिन सच यह है कि बिस्मार्क की सफलताएं पटेल के सामने महत्वहीन हैं। सही मायनों में पटेल आधुनिक भारत के शिल्पकार और महान दूरदृष्टा थे। उन्होंने जिस राजनीतिक कुशलता और प्रशासनिक सूझबूझ से महान भारत राष्ट्र की संप्रभु गरिमा को स्थापित किया उससे भारतीय राजनीतिज्ञों को सबक लेना चाहिए।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# टकराहट की राजनीति को अब टाला जाए...




**राजेंद्र बज**
व्यंग्यकार


लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के चलते यह बहुत स्वाभाविक है कि नेतृत्व की कार्यशैली पर टीका टिप्पणी की जाए। लेकिन विषय विशेष को लेकर नेतृत्व के प्रति व्यक्त की गई सहमति को अंधभक्ति करार देना कतई उचित नहीं कहा जा सकता। एक अरसे से मीडिया के अलग-अलग अंगों में नेतृत्व के प्रति विश्वास को अंधभक्ति के रूप में परिभाषित किया जा रहा है। यही नहीं अपितु समर्थन या विरोध को अलग-अलग शब्दावली में निरूपित किया जा रहा है। ऐसे में मीडिया का वह वर्ग जो तटस्थ हैं, उसे भी उसकी किसी भूमिका को लेकर उक्त श्रेणी में शुमार किया जाने लगा है। यह सिलसिला निरंतर जारी है। दरअसल वर्तमान परिस्थितियों में सत्तापक्ष और प्रतिपक्ष व्यक्ति विशेष के पक्ष या विपक्ष में विभाजित होते देखे जा रहे हैं।

ऐसी स्थिति में वस्तुस्थिति ज्ञात करना जटिल होता जा रहा है। राजनीतिक परिदृश्य में खंड-खंड प्रतिपक्ष के चलते नेतृत्व विरोधी मानसिकता असंगठित और बिखरे हुए प्रतिपक्ष के रूप में कार्य कर रही है। ऐसी स्थिति में आम नागरिकों के लिए विषयविशेष पर अपनी अटल धारणा बना लेना जटिल हो रहा है। इन दिनों राजनीतिक बयानबाजी निष्पक्ष अथवा तटस्थ होने के स्थान पर पूर्वाग्रहयुक्त दिखाई देती है। यही नहीं अपितु आम नागरिकों के भी अपने अपने पूर्वाग्रह हैं। इसी आधार पर नेतृत्व को कसौटी पर कसा जा रहा है। वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में विचारधारा का ध्रुवीकरण स्पष्ट तौर पर नजर आता है। एक वर्ग नेतृत्व के समर्थन में नजर आता है तो दूसरा वर्ग नेतृत्व के विरोध में गतिशील दिखाई देता है। दलीय राजनीति का व्यक्तिकेंद्रित हो जाना चिंता का विषय हो सकता है, किंतु नेतृत्व की नेक नियत के चलते यह स्थिति सुखकारी सिद्ध हो रही है। उक्त परिस्थितियों के चलते आम नागरिक भी विषय विशेष पर अपना स्पष्ट अभिमत नहीं बना पाता। विशेष रूप से इस दशक में देखते-देखते दलीय राजनीति अपना स्वरूप बदलकर व्यक्तिवादी राजनीति में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी है। कुल मिलाकर नेतृत्व की कार्यक्षमता और नेक नियति पर कोई गंभीर सवाल भी नहीं उठाया गया है। जाहिर है कि जिनके स्वार्थ आहत हुए, वे शोर मचाए जा रहे हैं।

वर्तमान दौर में प्रतिपक्ष की एकमात्र चिंता का कारण वह नेतृत्व है, जिसे जनमत के बहुमत का समर्थन स्पष्ट तौर पर प्राप्त है। माना कि राजनीतिक दलों की राजनीति का एकमात्र उद्देश्य सत्ता प्राप्ति हो सकता है। लेकिन यह लक्ष्य व्यापक जनहित के प्रति समर्पित भूमिका का निर्वहन करने के लिए होता है। आज मीडिया के एक वर्ग विशेष में नेतृत्व के प्रति सहमति को अंधभक्ति के रूप में निरूपित किया जा रहा है। आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला निरंतर जारी है। समर्थन के लिए समर्थन किया जा रहा है और विरोध के लिए विरोध किया जा रहा है। ऐसे दौर में राजनीतिक विचारधारा दो भागों में विभक्त दिखाई देती है। यह अजीब बात है कि यह विचारधारा दल विशेष से कहीं ज्यादा व्यक्ति विशेष के प्रति समर्थन या विरोध में मुखरित हो रही है। आखिर यह सिलसिला किस मुकाम पर जाकर थमेगा? कथित तौर पर लोकतंत्र में विभिन्न राजनीतिक दल अपनी अपनी नीति और सिद्धांतों के आधार पर सक्रिय होते हैं। राजनीति का उद्देश्य व्यापक जनहित के प्रति समर्पित भूमिका का निर्वहन करना होता है। सत्ता सैद्धांतिक रूप से जनहित का साधन होती है। लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में सत्ता को साध्य मान लिया गया है। जाहिर है कि राजनीति में जब स्वार्थ आपस में टकराते हैं, तब ऐसी स्थिति में नीति और सिद्धांतों को सर्वथा ताक पर रख दिया जाता है। राजनीतिक दलों के बेमेल गठबंधन को सामूहिक भय का ही प्रत्यक्ष परिणाम माना जा सकता है।

## नॉलेज कॉर्नर: इस उपकरण ने बचाया ईंधन

# 1929 में बना पहला टैंक लैस वाटर गीजर

देश के कई इलाकों में नवम्बर शुरू होते ही सर्दियां अपना रंग दिखाना शुरू कर देती हैं। शाम को गांव में अधिक सर्दी का अहसास होना शुरू हो जाता है। वहीं शहरों में हल्की हल्की गुलाबी सर्दी अपने तेवर दिखाने शुरू कर देती है। कामकाजी लोग अक्सर सर्दियों में गर्म पानी से स्नान कर अपने काम पर निकलते हैं। गावों में तो आज भी पारम्परिक रूप से लोग गर्म पानी कर लेते हैं, लेकिन शहरी कल्चर में कई इलेक्ट्रॉनिक मशीनों द्वारा पानी गर्म किया जाता हैं। शहरों के लोग अधिकतर अपने स्नानघरों में हीटर का इस्तेमाल करते हैं। आइए आज के नॉलेज कार्नर में हीटर के अविष्कार के बारे में अधिक जानकारी पढ़ते हैं...

### गैस आधारित गीजर बना था सबसे पहले

सर्दियां आने के साथ ही जब सूरज लुकाछिपी खेलने लगता है, तो ठंडे पानी से नहाना वाकई एक सजा है। हालांकि ठंडे पानी से नहाना स्किन के लिए अच्छा माना जाता है, लेकिन सर्दी में यह मुश्किल है। ऐसे में गीजर ऑन करके गर्म पानी से नहाने में जो मजा आता है, वह तन और मन दोनों को ही रिफ्रेश कर देता है। इसकी शुरुआत 1868 में इंग्लैंड के लंदन से हुई थी। इसे वहां के एक पेंटर बेंजामिन वाडी माउघन ने बनाया था। यह गीजर पूरी तरह से गैस पर चलने वाला गीजर था। उस समय



के हिसाब से बहुत बड़ी उपलब्धि थी। लेकिन उनके इस गीजर मे कुछ कमियां थी। जिसे आम लोगो का इस्तेमाल करना सही नहीं था।

### ऑटोमेटिक स्टोरेज गीजर

नॉर्वेजियन मैकेनिकल इंजीनियर एडविना रूड ने 1889 में अमेरिका मे आकर गीजर के नए रूप को बनाया। उनका यह गीजर पूरी तरह से ऑटोमैटिक स्टोरेज टाइप का गीजर था। एडिवीन रुड ने गीजर से निकलने वाली गर्म गैस की समस्या को काफी हद तक ठीक कर दिया जिससे यह लोगों में बहुत तेजी से प्रसिद्ध हो गया। उनके इस आविष्कार ने लोगों की एक जरूरी समस्या को हल कर दिया था जिससे लोगों को पानी गर्म करने के लिए ज्यादा समय और ज्यादा ईंधन खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ती थी। आधुनिक होती दुनिया के साथ एडविन रुड का गीजर भी पुराना होने लगा था। इसके बाद 1929 मे पहला टैंक लैस यानी की बिना टंकी का गीजर बनाया गया, जिसे स्टेबेल-एल्ट्रॉन ने बनाया और अपने नाम उसका पेटेंट जारी किया।

**गीजर के प्रकार**

*वर्तमान की आधुनिक बाजार में मुख्यत तीन प्रकार के गीजर मौजूद हैं। यह हैं इलेक्ट्रिक, गैस और सोलर गीजर। इलेक्ट्रिक गीजर बिजली से काम करता है। इसमें कॉपर की कॉइल का प्रयोग होता है, जो इलेक्ट्रिसिटी को ऊष्मीय ऊर्जा में बदलकर पानी को गर्म करने का काम करती है।*

कंटेंट: श्रवण भाटी

## X



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
घर की लक्ष्मी को ₹10,000 हर साल देने की गारंटी, महिलाओं को आर्थिक आज़ादी का हक देने की गारंटी।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
जीवन से अधिक महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं है। यह ज्ञात ब्रह्मांड की सबसे महान घटना है - और आप वह हैं।

## मध्य प्रदेश की चुनाव परिक्रमा: बागियों के मुखर होने से सत्तारूढ़ भाजपा की बढ़ी चिंता

# भितरघात रोकने के लिए शाह ने की असंतुष्टों से वन-टू-वन मंत्रणा

एजेंसी | इंदौर

मध्य प्रदेश विधानसभा के लिए 17 नवंबर को प्रस्तावित चुनाव के लिए नामांकन सोमवार को समाप्त हो गया। इस बीच राज्य की सत्ता की दावेदार दोनों पार्टियों सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस की बागी प्रत्याशियों ने नींद उड़ा रखी है। दोनों खेमे ही अपने अपने बागियों को मनाने में जुटे हैं ताकि चुनावों के दौरान संभावित नुकसान से बचा जा सके।



तीन दिन से राज्य का दौरा कर रहे केंद्रीय गृह मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने सोमवार को इंदौर में कई असंतुष्ट नेताओं से मुलाकात की और असंतोष के शमन का प्रयास किया। सूत्रों के अनुसार शाह की सोमवार सुबह मनावर विधानसभा सीट से दावेदारी कर रही रंजना बघेल सहित संभाग के अन्य नेताओं से चर्चा हुई। शाह रविवार रात उज्जैन से इंदौर पहुंचे थे। उन्होंने उज्जैन में महाकाल के दर्शन किए और एक चुनाव सभा को संबोधित किया था। सूत्रों के अनुसार शाह ने उन नेताओं से बात की जो पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतर चुके हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार शाह के राज्य का तीन दिवसीय दौरे का मकसद चुनाव रैलियों को संबोधित कर सियासी समीकरण साधने के साथ ही भितरघात की संभावनाओं को खत्म करना भी है। वे डैमेज कंट्रोल में कितने सफल हुए यह नामांकन पत्र वापस लेने की आखिरी तारीख तक साफ होता जाएगा। जिन नेताओं को चर्चा के लिए बुलाया गया था उनमें बुरहानपुर और धार के टिकटों के नाराज नेता भी शामिल थे।

सूत्रों के अनुसार बातचीत के बाद असंतुष्ट नेता संतुष्ट नजर आए। शाह अपराह्न में इंदौर से ग्वालियर चले गए। सोमवार सुबह इंदौर संभाग के कार्यकर्ताओं की बैठक लेना थी, लेकिन विधानसभा चुनाव के नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि देखते हुए यह बैठक निरस्त कर दी गई थी।

## एमपी में 50 एकड़ जमीन का मालिक भी घूस देकर गरीबी रेखा से नीचे की सूची में शामिल हो सकता है: कमलनाथ

**इंदौर।** मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार को शासकीय व्यवस्था का अंग बना देने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने सोमवार को कहा कि राज्य में 50 एकड़ जमीन का मालिक भी घूस देकर गरीबी रेखा से नीचे की सूची में शामिल हो सकता है। कमलनाथ ने इंदौर जिले की नौ विधानसभा सीटों के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों की नामांकन रैली में कहा, राज्य में भ्रष्टाचार की व्यवस्था बना दी गई है-पैसे दो, काम लो। कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर हमला बोलते हुए कहा,शिवराज कहूं या ठगराज, इन्होंने पिछले 18 सालों में किस तरह हमारे प्रदेश को ठगा है। शिक्षा, स्वास्थ्य या निवेश हो, इन्होंने सब कुछ चौपट कर दिया है और मध्यप्रदेश को चौपट प्रदेश बना दिया है। उन्होंने चौहान पर झूठी घोषणाओं का आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले पांच महीनों में मुख्यमंत्री की झूठ बोलने की मशीन दोगुनी रफ्तार से चल रही है। कमलनाथ ने यह दावा भी किया कि राज्य में एक करोड़ नौजवान बेरोजगार हैं। कांग्रेस उम्मीदवारों की नामांकन रैली में पार्टी की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग भी शामिल हुए।



### 500 से अधिक मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा होगी

**हैदराबाद।** छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सीमा से लगे तेलंगाना के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित (एलडब्ल्यूई) इलाकों में 500 से अधिक मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे ताकि राज्य में 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को बाधित करने की हर कोशिश को नाकाम किया जा सके। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध कर रहे निर्वाचन अधिकारियों ने कहा कि 119 में से 14 निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान वामपंथी उग्रवाद के संदर्भ में संवेदनशील इलाकों के रूप में की गई है। अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सीमा से लगे तेलंगाना के आठ जिलों में लगभग 511 मतदान केंद्र ऐसे हैं जिनकी पहचान वामपंथी उग्रवाद प्रभावित इलाकों के रूप में की गई है।

### भाजपा शासन में 250 से अधिक घोटाले हुए: सुप्रिया

**भोपाल।** कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने सोमवार को कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा के 18 साल के शासनकाल में 250 से अधिक घोटाले हुए हैं और समाज का कोई भी वर्ग इससे नहीं बच पाया है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा ने मध्य प्रदेश को कर्ज के सागर में धकेल दिया है और राज्य में जन्म लेने वाले प्रत्येक बच्चे पर 40,000 रुपए का कर्ज है। मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने हैं। करोड़ों रुपये के प्रवेश और भर्ती घोटाले, व्यापमं सहित 250 से अधिक घोटालों ने युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। पटवारी भर्ती (घोटाला), स्कूल ड्रेस (खरीद) में 43 लाख बच्चों से जुड़ी अनियमितताएं और भाजपा के 18 साल के शासन में मप्र में 50,000 फर्जी विवाह सामने आए हैं।

## छत्तीसगढ़ चुनाव: प्रियंका गांधी की चुनावी रैली में घोषणा

# हर सिलेंडर पर 500 रुपए की सब्सिडी, 200 यूनिट बिजली मुफ्त

एजेंसी | खैरागढ़/बिलासपुर

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने छत्तीसगढ़ की जनता से वादा किया है कि राज्य में पार्टी की सरकार बरकरार रहने पर महतारी न्याय योजना लागू की जाएगी जिसके तहत प्रति गैस सिलेंडर की रिफिल करने पर पांच सौ रुपए की सब्सिडी दी जाएगी तथा राज्य में दो सौ यूनिट तक बिजली भी मुफ्त दी जाएगी।

प्रियंका ने खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के जालबांधा गांव में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए महिलाओं, आम जनता और किसानों के लिए आठ घोषणाएं कीं। खैरागढ़ समेत 20 विधानसभा सीटों पर सात नवंबर को पहले चरण में मतदान होगा। बाद में प्रियंका गांधी ने बिलासपुर में एक अन्य सभा को संबोधित किया। प्रियंका गांधी ने खैरागढ़ में छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से जनता के कल्याण के लिए किए गए कामों की सराहना की और कहा कि मध्य प्रदेश की सरकार के कारण वहां की जनता दुखी है।

### प्रियंका के आठ वादे

- महिलाओं के लिए महतारी न्याय योजना लागू करेंगे
- प्रति सिलेंडर की रिफिल करने पर पांच सौ रुपए की सब्सिडी
- 200 यूनिट तक बिजली भी मुफ्त
- स्व-सहायता समूहों के तथा सक्षम योजना के अंतर्गत लिए गए ऋण होंगे माफ
- 700 नए ग्रामीण औद्योगिक पार्कों की स्थापना
- सरकारी स्कूलों को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश और हिंदी मीडियम स्कूलों में अपग्रेड किया जाएगा।
- हादसों में घायलों का निशुल्क इलाज
- वाहन मालिकों का बकाया मोटरयान कर औ ब्याज माफ होगा
- 'तिवरा' फसल को भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा।



### जाति आधारित जनगणना की हिमायत

प्रियंका ने जाति आधारित जनगणना की वकालत करते हुए कहा जब संख्या के बारे में जानकारी ही नहीं होगी तब योजनाएं कैसी बनेंगी? लोगों का विकास कैसे होगा? भाजपा केवल कहती है कि वह एसटी, एससी, ओबीसी का उत्थान करना चाहती है, लेकिन जब जाति जनगणना की बात आती है तब वह साफ मना कर देती है। उन्होंने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा, महिला आरक्षण विधेयक पारित कर दिया गया।

### प्रियंका ने लोगों से किए सवाल

भाजपा पर निशाना साधते हुए प्रियंका ने दर्शकों से पूछा, क्या आप उन लोगों को वोट देंगे जो आपको धर्म के नाम पर गुमराह करते हैं और आपके जीवन में केवल समस्याएं लाते हैं, या उस पार्टी को वोट देंगे जो आपका विकास और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए काम करती है। उन्होंने लोगों से अपने और अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कांग्रेस को वोट देने का आग्रह किया। कांग्रेस ने खैरागढ़ सीट से मौजूदा विधायक यशोदा वर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है।

### यह नहीं है परिवारवाद, देशभक्ति है

प्रियंका गांधी ने बिलासपुर में एक सभा में विपक्षी दलों के परिवारवाद के आरोपों पर कहा कि जब हम अपनी पीढ़ी की बात करते हैं, नेहरू जी की बात करते हैं, इंदिरा जी की बात करते हैं, राजीव जी की बात करते हैं, तब हमारी आलोचना करने वाले एकदम से परिवारवाद की बात उठाते हैं। यह परिवारवाद नहीं है, देश के प्रति एक भक्ति है जो टूट नहीं पाती। एक श्रद्धा है दिल में आप सबके लिए, किसान के लिए..., जिनका बेटा जवान बनकर सेना में तैनात होता है।

## विधानसभा चुनाव

# दिग्गजों ने किए नामांकन दाखिल

### छत्तीसगढ़ : CM बघेल का पाटन से नामांकन दाखिल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को दुर्ग जिले की अपनी पारंपरिक सीट पाटन से कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। इस सीट पर उनका भाजपा के विजय बघेल से मुकाबला है। विजय बघेल सीएम बघेल के रिश्तेदार ही हैं।

62 वर्षीय भूपेश बघेल ने दुर्ग कलेक्ट्रेट में नामांकन पत्र दाखिल करने की अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कीं। बघेल के नामांकन दाखिल करने के दौरान विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत और गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू उनके साथ थे।

### मध्य प्रदेश : शिवराज चौहान ने बुधनी से नामांकन पत्र भरा



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पारंपरिक बुधनी सीट से सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किया।

पत्नी साधना की उपस्थिति में अपना नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले, मुख्यमंत्री ने अपने पैतृक जैत गांव में अपने कुल देवता की पूजा की, सलकनपुर देवी मंदिर में प्रार्थना की और प्रदेश की जीवन रेखा मानी जाने वाली और लोगों द्वारा पूजनीय नर्मदा नदी का आशीर्वाद लिया।स अवसर पर एक रोड शो में चौहान ने लोगों से आग्रह किया कि वे खुद को शिवराज समझें और राजनीतिक जीवन में किए गए कल्याणकारी कार्यों के आधार पर उनकी जीत सुनिश्चित करें।

## मिजोरम विधानसभा चुनाव

# वादों पर सवार हैं चुनावी मुकाबले

एजेंसी | आइज़ोल

मिजोरम में 40 सदस्यीय राज्य विधानसभा के लिए 7 नवंबर को प्रस्तावित मतदान के लिए मुख्यमंत्री जोरमथांगा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ नेशनल फ्रंट (एमएनएफ), मुख्य विपक्षी पार्टी जोरम पीपल्स मूवमेंट (जेडपीएम), कांग्रेस के बीच चुनावी घमासान होगा।

हालांकि 23 सीटों पर भाजपा प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में होंगे। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार राज्य में चुनाव पर मणिपुर हिंसा का असर पड़ सकता है। वहां मई में हिंसा के बाद मणिपुर से लगभग 13,000 लोग मिजोरम में रह रहे हैं। भगवा पार्टी ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण और असम के साथ लंबे समय से चले आ रहे सीमा विवाद के समाधान समेत अन्य का वादा किया है।

वहीं कांग्रेस ने वादा किया है कि पार्टी सत्ता में आई तो 1 लाख लोगों के लिए नौकरियां पैदा करेगी तथा प्रत्येक परिवार को 15 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान करने का भी वादा किया है। चुनावों में क्षेत्रीय मुद्दे हावी रहते हैं।

### ये हैं चुनाव मैदान में

| | |
|---|---|
| कुल प्रत्याशी | 174 |
| मिजो नेशनल फ्रंट | 40 |
| कांग्रेस | 40 |
| जोरम पीपुल्स मूवमेंट | 40 |
| भाजपा | 23 |
| आम आदमी पार्टी | 4 |
| निर्दलीय | 27 |

## लखनऊ पहुंची सपा की यात्रा, अखिलेश यादव ने कहा...

# पीडीए में अगड़े-आदिवासी सभी शामिल

एजेंसी | हैदराबाद

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी के 'पीडीए' (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) में आधी आबादी (महिलाएं), अगड़े और आदिवासी सहित हर कोई शामिल है।



लखनऊ में पीडीए यात्रा में शामिल यादव ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, पीडीए में हर कोई शामिल है। चाहे वह आधी आबादी हो, अगड़ा हो या आदिवासी, पीडीए में सभी को शामिल किया गया है जिसके लिए हमारी पार्टी संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा कि सोमवार को लखनऊ पहुंची उनकी पार्टी की पीडीए यात्रा पिछले कुछ दिनों से इस पूरे राज्य में 5000 किलोमीटर की दूरी पहले ही तय कर चुकी है। यह यात्रा 22 नवंबर को सैफई में संपन्न होगी। इस यात्रा में सामाजिक न्याय, जाति जनगणना और लोगों के सम्मान और अधिकार से जुड़े मुद्दे उठाए जा रहे हैं। यह यात्रा देश को बांटने की साजिश रच रही ताकतों से इस देश को बचाने के लिए है। यह यात्रा 22 नवंबर को सैफई में संपन्न होगी।

यादव ने 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के संदर्भ में यह बात कही। पूर्व मुख्यमंत्री ने योगी सरकार की आलोचना करते हुए दावा किया कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है, डेंगू तेजी से फैल रहा है और कुछ गांवों में 20 लोगों की मौत की खबरें आई हैं लेकिन राज्य सरकार सो रही है।

## तेलंगाना की चुनावी डायरी

# जब तक मैं जिंदा हूं, तेलंगाना शांतिप्रिय व धर्मनिरपेक्ष बना रहेगा: KCR

एजेंसी | हैदराबाद

तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार तेज हो गया है और दिग्गज नेता प्रचार अभियान में जुट गए हैं। राज्य में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति के प्रचार अभियान की कमान खुद मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव संभाले हुए हैं जबकि कांग्रेस की ओर से पार्टी के दिग्गज नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरेगे प्रचार अभियान में जुटे हैं। बीआरएस अध्यक्ष और तेलंगाना अध्यक्ष और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने सोमवार को जुक्कल में एक चुनावी रैली में कहा कि जब तक वह जीवित हैं, राज्य शांतिप्रिय और धर्मनिरपेक्ष बना रहेगा। बीआरएस 'गंगा-जमुनी तहजीब' के सिद्धांतों का पालन करना जारी रखेगी, जिसके लिए तेलंगाना को देश में दूसरों के लिए एक उदाहरण के रूप में पेश किया जाता है। बीआरएस सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखता है, चाहे वह हिंदू हो, मुस्लिम हो या ईसाई हो। सबकी प्रगति ही तेलंगाना की प्रगति है।



### बीआरएस सांसद प्रभाकर रेड्डी पर चाकू से हमला, गंभीर रूप से घायल

**हैदराबाद।** तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति के सांसद एवं दुब्बक विधानसभा क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार के. प्रभाकर रेड्डी पर सिद्दीपेट जिले में एक व्यक्ति ने चाकू से कथित तौर पर हमला कर दिया। घटना के समय वह प्रचार कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद आरोपी को हिरासत में ले लिया गया, जिसकी पहचान 38 वर्षीय राजू के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। मेडक लोकसभा क्षेत्र से सांसद रेड्डी के पेट में चाकू लगने के घाव हैं और उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, बाद में उन्हें उपचार के लिए हैदराबाद स्थानांतरित किया गया। सिद्दीपेट की पुलिस आयुक्त एन. स्वेता ने कहा कि सांसद से मिलने आया आरोपी उनके करीब गया और उन पर चाकू से हमला कर दिया।



### कांग्रेस ने तेलंगाना के गठन में देरी की

कांग्रेस पर हमला तेज करते हुए राव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने तेलंगाना के गठन में देरी की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने (वर्ष 2004 में) तेलंगाना के गठन के वादे पर बीआरएस के साथ गठबंधन किया था और अगर राज्य का गठन तब हुआ होता, तो इसने और भी बेहतर प्रगति की होती। राव ने कहा कि तत्कालीन संप्रग सरकार ने तब तेलंगाना के गठन की घोषणा की थी, जब उन्होंने अनिश्चितकालीन अनशन किया था।

### राव ने अपनी उपलब्धि गिनाई

राव ने अपनी सरकार के जनकल्याण कार्यक्रमों पर भी प्रकाश डाला, जिसमें कृषि ऋण माफी, नल के माध्यम से पीने के पानी की आपूर्ति, 'रायथु बंधु' निवेश सहायता योजना और किसानों के लिए रायथु बीमा जीवन बीमा योजना शामिल है।

### शिवकुमार पर साधा निशाना

राव ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार पर उनकी उस कथित टिप्पणी को लेकर हमला बोला कि तेलंगाना सरकार किसानों को पांच घंटे ही मुफ्त बिजली आपूर्ति कर रही है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना किसानों को 24 घंटे मुफ्त बिजली आपूर्ति प्रदान करता है। राव ने दावा किया, कांग्रेस मुफ्त सुविधा के वादे करती है। लेकिन, उसके पास इसे ठीक से लागू करने की कोई नीति नहीं है। हमारे पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में, उन्होंने ऋण माफी का वादा किया था। वे इसे टाल गए और ऐसा नहीं किया।

### प्रियंका की रैली आज, राहुल की सभा कल

**हैदराबाद।** तेलंगाना विधानसभा के लिए 30 नवंबर को प्रस्तावित चुनाव के लिए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा और राहुल गांधी क्रमश: 31 अक्टूबर और एक नवंबर को राज्य में प्रचार अभियान में भाग लेंगे। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, राहुल गांधी जनसभाओं को संबोधित करने के अलावा शादनगर रेलवे स्टेशन से शादनगर चौरास्ता तक पदयात्रा में भी हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी तेलंगाना के लिए पार्टी द्वारा घोषित 'छह गारंटी' पर देवराकाद्रा में महिलाओं के साथ बातचीत करने के अलावा कोल्लापुर में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करेंगी।

## जरूरी खबर

### अयोग्यता मामले में 31 दिसंबर तक फैसला करें: SC

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को निर्देश दिया कि वह शिवसेना के प्रतिद्वंद्वी गुटों की ओर से दाखिल उन याचिकाओं पर 31 दिसंबर या उससे पहले फैसला करें, जिनमें दोनों ने एक-दूसरे के विधायकों को सदन की सदस्यता से अयोग्य ठहराने का अनुरोध किया है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि संविधान की 10वीं अनुसूची की पवित्रता बनाए रखी जानी चाहिए। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि प्रक्रियात्मक उलझनों के कारण अयोग्यता संबंधी याचिकाओं पर फैसला लेने में देरी नहीं होने देनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष से अजित पवार गुट के नौ विधायकों को सदन की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के अनुरोध वाली राकांपा की याचिका पर भी 31 जनवरी 2024 तक फैसला लेने को कहा।

### आंध्र रेल हादसा: मरने वालों की संख्या हुई 14

**नई दिल्ली/विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश में हावड़ा-चेन्नई रेल लाइन पर रविवार को दो यात्री ट्रेन की टक्कर में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 और घायलों की संख्या 50 हो गई है। संयुक्त जिलाधीश मयूर अशोक ने बताया, '13 लोगों की मौत दुर्घटनास्थल पर ही हो गई थी। एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हुई।' पुलिस अधीक्षक एम दीपिका ने बताया कि हादसे में 50 लोग घायल हुए हैं। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घायलों को विशाखापत्तनम और विजयनगरम के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पलासा पैसेंजर ट्रेन के गार्ड एम एस राव (58) के साथ ही रायगड़ा पैसेंजर ट्रेन के लोको पायलट एस एम एस राव (52) और उनके सहायक चिरंजीवी (29) की भी इस हादसे में मौत हो गई है।

### केरलः धमाकों में मरने वालों की संख्या तीन हुई

**कोच्चि।** केरल के कलमस्सेरी में ईसाई समुदाय के एक सम्मेलन केंद्र में रविवार को, तीन दिवसीय प्रार्थना सभा के समापन के अवसर पर सुबह हुए धमाकों में मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है, जबकि चार घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। धमाकों में घायल 12 वर्षीय बच्ची ने कलमस्सेरी सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार सुबह दम तोड़ दिया।इस बीच पुलिस ने विस्फोटों के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस व्यक्ति ने विस्फोटों की जिम्मेदारी ली थी। उसने घटना के बाद ही पुलिस के समाने समर्पण कर दिया था।

## स्वर्ण मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



*अमृतसर। सिख गुरु रामदास के प्रकाश पर्व पर सोमवार को अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर में अरदास करने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। इस अवसर पर पंजाबभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।* - फोटो पीटीआई

**महाराष्ट्र: मराठा आरक्षण को लेकर उग्र हुआ आंदोलन**

# MLA के आवास व नगरपालिका भवन को लगाई आग, तोड़फोड़

एजेंसी | छत्रपति संभाजीनगर

महाराष्ट्र में मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर जारी आंदोलन को सोमवार को हिंसा और आगजनी ने अपनी गिरफ्त में ले लिया। प्रदर्शनकारियों ने राकांपा विधायक प्रकाश सोलंकी के आवास को आग के हवाले कर दिया और उस पर पथराव किया, एक नगरपालिका भवन को फूंक दिया तथा एक अन्य विधायक के कार्यालय में तोड़फोड़ की। हिंसा की घटनाएं मध्य महाराष्ट्र के बीड और छत्रपति संभाजीनगर जिलों में हुईं। उधर, मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे आरक्षण की मांग के समर्थन में जालना जिले के एक गांव में अपना आमरण अनशन जारी रखे हुए हैं। उन्होंने किसी खास क्षेत्र में नहीं , बल्कि समूचे महाराष्ट्र में मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग की और चेतावनी दी कि यदि राज्य सरकार ने यह मांग नहीं मानी तो वर्तमान आंदोलन को बढ़ाया जाएगा।



#### क्या है मांग

मराठा समुदाय के सदस्यों को सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में ओबीसी श्रेणी में आरक्षण दिया जाए।

#### रिजर्व पुलिस बल की कंपनी मांगी

बीड के पुलिस अधीक्षक नंद कुमार ठाकुर ने कहा, बीड जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य रिजर्व पुलिस बल की एक कंपनी की मांग की गई है। पुलिस ने बताया कि एक अन्य घटना में, डंडों से लैस आरक्षण समर्थकों ने छत्रपति संभाजीनगर जिले के गंगापुर में भाजपा विधायक प्रशांत बांब के कार्यालय में तोड़फोड़ की। उपद्रवियों ने खिड़कियों के कांच तोड़ डाले। पूछताछ के लिए दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।

#### शिंदे ने राज्यपाल से की मुलाकात

इस बीच, राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मराठा आरक्षण आंदोलन से संबंधित घटनाक्रम से राज्यपाल रमेश बैस को अवगत कराने के लिए सोमवार देर शाम उनसे मुलाकात की। शिंदे राजभवन में करीब 45 मिनट तक रुके, जिसके बाद राज्य के गृह विभाग का कार्यभार संभालने वाले उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री से उनके सरकारी आवास 'वर्षा' पर मुलाकात की।

#### दो सांसदों का इस्तीफा

इस बीच, दो सांसदों ने आरक्षण देने की मांग के समर्थन में अपना इस्तीफा दे दिया। हिंगोली के सांसद हेमंत पाटिल ने सोमवार को नई दिल्ली में लोकसभा सचिवालय को अपना इस्तीफा सौंपा, जबकि नासिक के सांसद हेमंत गोडसे ने अपना इस्तीफा सीएम शिंदे को भेजा है।

**दिल्ली आबकारी नीति मामला**

## ईडी ने केजरीवाल को दो नवंबर को तलब किया

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए दो नवंबर को तलब किया है। केजरीवाल (55) को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत समन जारी किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली में मामले के जांच अधिकारी के सामने पेश होने के बाद एजेंसी मुख्यमंत्री का बयान दर्ज करेगी। ईडी ने मामले में दाखिल अपने आरोपपत्रों में कई बार केजरीवाल के नाम का उल्लेख किया है और कहा है कि आरोपी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 को तैयार करने और लागू करने के संबंध में आम आदमी पार्टी नेता के संपर्क में थे। बाद में यह आबकारी नीति रद्द कर दी गई थी।

#### सिसोदिया को नहीं मिली जमानत

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सिसोदिया को इस मामले में जमानत देने से सोमवार को इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि शराब के थोक 'डीलर' को 338 करोड़ रुपए का फायदा पहुंचाने के आरोप का साक्ष्य अस्थायी रूप से समर्थन करता है। न्यायाधीश संजीव खन्ना एवं न्यायाधीश एस. वी. एन. भट्टी की पीठ ने कहा, हालांकि, पीएमएलए के तहत दायर शिकायत में एक स्पष्ट आधार या आरोप है, जो प्रत्यक्ष कानूनी चुनौती से मुक्त है, और कथित आरोप सबूतों द्वारा अस्थायी रूप से समर्थित हैं।



**आतंकियों ने श्रमिक को बनाया निशाना: मृतक यूपी का निवासी**

## कश्मीर में फिर टारगेट किलिंग

एजेंसी | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सोमवार को आतंकवादियों ने गोली मारकर उत्तर प्रदेश के एक व्यक्ति की हत्या कर दी। यह गत 24 घंटे में कश्मीर घाटी में आतंकवाद की दूसरी घटना है।

इससे पहले आतंकवादियों ने श्रीनगर के ईदगाह मैदान में पुलिस निरीक्षक मसरूर अहमद वानी को उस समय गोली मार दी थी, जब वह स्थानीय लड़कों के साथ क्रिकेट खेल रहे थे।

वानी घटना में गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस प्रवक्ता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, आतंकवादियों ने एक श्रमिक की पुलवामा के तुमसी नौपोरा में गोली मार दी जिसकी बाद में मौत हो गई। उसकी पहचान उत्तर प्रदेश निवासी मुकेश के तौर पर हुई है। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और हत्या में संलिप्त आतंकवादियों की तलाश के लिए अभियान शुरू किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि दो आतंकवादी हमलों के बाद कश्मीर घाटी में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### LCH प्रचंड से दागे 70 मिमी रॉकेट

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर (एलसीएच) 'प्रचंड' ने सोमवार को दिन और रात दोनों स्थितियों में 70 मिमी रॉकेट दागने के कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्य असम में लिकाबाली के पास एक फायरिंग रेंज में किया गया। सेना ने यह जानकारी दी है।

## कुल्लू दशहरा मेले में रथ यात्रा



*कुल्लू। कुल्लू दशहरा समारोह के अंतिम दिन सोमवार को भगवान रघुनाथ जी का रथ लेकर जाते श्रद्धालु।*

**गुजरात: 5,950 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात**

# भारत का तेज विकास स्थिर सरकार की वजह से: मोदी

एजेंसी | महेसाणा (गुजरात)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि स्थिर सरकार देने वाली जनता की शक्ति के कारण ही देश में तेजी से विकास हो रहा है और दुनिया भर में इसकी प्रशंसा हो रही है। गुजरात के महेसाणा जिले के खेरालु में 5,950 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि जब वह संकल्प लेते हैं, तो उसे पूरा करते हैं। मोदी ने कहा कि गुजरात ने अनुभव किया है कि कैसे लंबे समय तक स्थिर सरकार बने रहने से एक के बाद एक फैसले लेने में मदद मिली है, जिससे राज्य को फायदा हुआ है। मोदी ने कहा, देश में जिस तेजी से विकास हो रहा है और दुनिया में भारत की प्रशंसा हो रही है, उसकी जड़ में जनता की वह शक्ति है जिसने देश में स्थिर सरकार दी है। उन्होंने कहा कि लोग अच्छी तरह जानते हैं कि विकास की बड़ी परियोजनाओं, साहसिक फैसले लेने और गुजरात के तेज विकास के पीछे पिछले कई वर्षों में रखी गई मजबूत नींव है। मोदी ने कहा कि अब तक पूर्वी और पश्चिमी समर्पित माल गलियारे के 2,500 किलोमीटर लंबे मार्ग पर काम पिछले नौ वर्षों में पूरा हो चुका है, जिसके कारण यात्री और मालगाड़ियों दोनों को लाभ मिल रहा है। इससे पहले पीएम मोदी अंबाजी पहुंचे और पूजा अर्चना की।



#### पश्चिमी माल ढुलाई कॉरिडोर: 77 किलोमीटर लंबा हिस्सा राष्ट्र को समर्पित

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को पश्चिमी समर्पित माल ढुलाई गलियारे का 77 किलोमीटर लंबा न्यू भांडू-न्यू साणंद खंड राष्ट्र को समर्पित किया, जिससे क्षेत्र में बंदरगाहों और विनिर्माण केंद्रों से माल के परिवहन को गति मिलेगी। इस खंड पर 60 मालगाड़ियां पहले यात्री रेल मार्गों से गुजरती थीं जिन्हें अब मालवहन गलियारे पर स्थानांतरित कर दिया गया है, जिससे यात्री रेलगाड़ियों की गति में तेजी आई है। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड' के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, अहमदाबाद-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का यात्रा समय लगभग एक घंटे कम हो गया है।

**चुनावी बॉन्ड: SC में आज से सुनवाई**

## चंदे के स्रोत को जानने का अधिकार नहीं: केंद्र

एजेंसी | नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय के पांच न्यायाधीशों की एक संविधान पीठ राजनीतिक दलों को चंदे के लिए 2018 में लाई गई 'चुनावी बॉन्ड' योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह पर मंगलवार से सुनवाई शुरू करने वाली है।

सुनवाई से पहले, अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने न्यायालय में दाखिल की गई एक दलील में कहा है कि राजनीतिक दलों को चुनावी बॉन्ड योजना के तहत मिलने वाले चंदे के स्रोत के बारे में नागरिकों को संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) के तहत सूचना पाने का अधिकार नहीं है। वेंकटरमणी ने राजनीतिक वित्त पोषण के लिए चुनावी बॉंड योजना से राजनीतिक दलों को 'क्लीन मनी' मिलने का उल्लेख करते हुए यह कहा। सरकार ने यह योजना दो जनवरी 2018 को अधिसूचित की थी।

इस योजना को राजनीतिक वित्त पोषण में पारदर्शिता लाने की कोशिशों के हिस्से के रूप में पार्टियों को नकद चंदे के एक विकल्प के रूप में लाया गया है। इस योजना के प्रावधानों के अनुसार, चुनावी बॉंड भारत का कोई भी नागरिक या भारत में स्थापित संस्था खरीद सकती है। कोई व्यक्ति, अकेले या अन्य लोगों के साथ संयुक्त रूप से चुनावी बॉन्ड खरीद सकता है।

## एलीट मिस राजस्थान-2023 सीजन-10 की फाइनलिस्ट का अनाउंसमेंट

# मुकाम मिला तो आंखों से निकली 'खुशी'

**बेधड़क.जयपुर।** बेटी ने जैसे ही पिता के चरण छूए पिता की आंखें नम हो गईं। फिर जब स्टेज से उतरकर बेटी सेश पहने आई सामने बैठे पिता रोमांचित हो गए। फिर दोनों की आंखों से खुशी के आंसू बह निकले। क्योंकि पिता ही हैं, जिन्होंने बेटी को यहां तक आने में सपोर्ट किया और वे घर पर पत्नी का भी ध्यान रखते हैं। यह कहानी है राजस्थान के छोटे से शहर चूरू की स्नेहा शर्मा की, जो आज ब्यूटी पेजेंट एलीट मिस राजस्थान की फाइनलिस्ट बन गई हैं। ऐसी ही कहानी है प्रत्यक्षा शाह की, जिनकी मां ने हाल ही में लंबी बीमारी के बाद दुनिया को अलविदा कहा और उनकी ही इच्छा थी कि बेटी इस प्लेटफॉर्म तक पहुंचे। सेश सेरेमनी में उनके पिता और बहन ने हौसला बढ़ाया और वे स्वयं फाइनलिस्ट बनकर खुश हो उठीं। ये सभी हौसलों भरी कहानी राजस्थान के ब्यूटी पेजेंट एलीट मिस राजस्थान-2023 सीजन-10 की फाइनलिस्ट की हैं। जब फाइनलिस्ट की अनाउंसमेंट और सेश सेरेमनी हुई तो मेहनत, लगन, हौसला और आत्मविश्वास से भरे चेहरों के पीछे छुपी कई कहानियां भी सामने आईं। प्रोग्राम के चीफ गेस्ट डॉ. जगदीश चंद्रा रहे और पेट्रोन जेडी माहेश्वरी ने मोटिवेट किया।





### 51 हजार रुपए का दिया चेक

फाइनलिस्ट की अनाउंसमेंट और सेश सेरेमनी के दौरान चीफ गेस्ट ने चूरू की स्नेहा के संस्कार देखकर उनको मोटिवेट करते हुए प्रोग्राम में ही 51000 रुपए का चेक देते हुए आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्कार आज देखने को नहीं मिलते हैं और ये ही कारण है कि आज ये यहां तक पहुंची हैं। वहीं स्नेहा ने कहा कि उनके पिता जैसा कोई नहीं हो सकता है। उनकी वजह से ही यहां तक पहुंची हूं। वहीं पिता ने कहा कि मैंने बच्चों को हमेशा कॉन्फिडेंस के साथ काम करने की सलाह दी और आज बेटी फाइनलिस्ट चुनी गई है।



### 7 दिन ग्रूमिंग के बाद होगा फिनाले

शो डायरेक्टर गौरव गौड़ ने बताया 26 गर्ल्स का चयन फाइन के लिए हुआ है। सभी को अजमेर रोड स्थित समस्कारा रिसोर्ट में 7 दिन की ग्रूमिंग दी जाएगी। इसके बाद जयपुर में ही फिनाले होगा, जिसमें एलीट मिस राजस्थान-2023 के सिर ताज सजेगा और तीन टॉफ विनर्स को इलेक्ट्रिक स्कूटी दी जाएगी।

### ये बनीं टॉप 26 फाइनलिस्ट

मल्हारी सिंह, क्रत्वी सिंह राठौड़, उर्वशी सोनी, अल्फिरदौश खान, शशि मीना, स्नेहा शर्मा, मनीषा सिंह, मुस्कान कोठारी, पीहू चौधरी, दीपाली जैन, विशाखा खत्री, नैना परमार, सुहाना तोमर, श्रेया शर्मा, योगिता धैया, मिताली कुमावत, समीक्षा अरोड़ा, ईशा तुलायत, इशिता मेहता, मनीषा वाधवानी, नेहा शेखावत, मंशा परनामी, प्रत्यक्षा शाह, स्तुति बर्थवाल, अलका चौधरी और कविता चौधरी।

## शिविर में 250 लोग लाभान्वित



**बेधड़क. जयपुर।** रोटरी क्लब जयपुर प्राइड व परमार्थ सेवा समिति के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर व बैंकिंग फ्रॉड से बचने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान 250 से ज्यादा लोग लाभान्वित हुए। चिकित्सा जांच में सेंटर फॉर साइट, गोयल पैथ लैब, क्लोव जैसे नामों के साथ-साथ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. प्रतापसिंह, फिजिशियन डॉ. अमरदीप, डॉ. नायर, ऑर्थो सर्जन डॉ. नरेंद्र अटोलिया, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शर्मिला अटोलिया ने सेवाएं दीं। बैंक फ्रॉड से बचने के लिए आईडीएफसी बैंक के रिशु मिश्रा व दिनकर सिंह ने कार्यशाला संचालित की। रोटरी क्लब जयपुर प्राइड अध्यक्ष रोटेरियन ओपी जैन, सचिव रोटेरियन सुनील गौड़, परमार्थ सेवा समिति से आरके अग्रवाल, श्याम विजय ने सहयोगियों का क्लब की ओर से मोमेंटो देकर सम्मान किया।

## उत्सव में बरसा श्याम रंग



**बेधड़क. जयपुर।** श्री श्याम भक्त सेवा परिवार समिति के तत्वावधान में प्रताप नगर के सदर्न हाइट्स में श्री श्याम उत्सव का आयोजन किया गया। संस्था महासचिव डॉ एसपी यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम विजय यादव, मीनू यादव, सोनू, राहुल, हर्षुल द्वारा ज्योत प्रचंड की गई। इसके बाद स्थानीय कलाकारों द्वारा भजनों की रसगंगा प्रवाहित की गईं। आरती के बाद श्री श्याम प्रसादी भी आयोजित की गई। इस अवसर पर मुकेश पारीक, डॉ सुभाष यादव, रोहित, सुनीता भसीन, वंशिका, मोनू, गुंजन, स्वाति शर्मा, अक्षिता, प्रेम बच्चानी, आदित्य चौहान, हर्ष चौहान, विपुल हर्ष मौजूद रहे।

## बीएस रावत बने अध्यक्ष



**बेधड़क. जयपुर।** रावत एजुकेशनल ग्रुप चेयरमैन, अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी व राजस्थान उत्तराखंड सभा अध्यक्ष बी एस रावत को राजस्थान वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर राजस्थान वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन सचिव नलिन जैन, सहसचिव यश गौड़, हनुमानगढ़ सचिव संदीप भूपेश, हरीश चमोली उपस्थित रहे। इस मौके पर रावत ने नई जिम्मेदारी को पूरी कर्मठता से निभाएंगे की बात कही। एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य वेटरन क्रिकेट को राज्य में चलाना है। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में हेमेंद्र सिंह रावत, महावीर सिंह पटवाल, ओपी त्रिपाठी, प्रेम सिंह रावत, कुलदीप सिंह नेगी, परमेश सिंह चौहान, प्रहलाद सिंह अधिकारी, धीरज सिंह नेगी, अर्जुन सिंह रावत, अजीत सिंह पवार आदि मौजूद रहे।

## City इवेंट्स

### योगी उमेश नाथ महाराज का किया स्वागत



**बेधड़क. जयपुर।** भगवान वाल्मीकि जयंती के अवसर पर विकास नरवाल जी द्वारा भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय संत बाल योगी उमेश नाथ महाराज पधारे। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज और विकास नरवाल जी द्वारा उनका स्वागत किया गया। वीएसएस के जिला अध्यक्ष रोहित पांचाल, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी सकरवाल, दीपक कुमार, चीनू दीदी ने गुरुदेव को माला पहनाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

### 'जयपुर शेयरिंग फेस्टिवल' शुरू



**बेधड़क. जयपुर।** 'कचरा दो-पौधा लो' थीम के साथ 'जयपुर शेयरिंग फेस्टिवल' का द्वितीय चरण शुरू होगा। इसे संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के प्रमुख एरिक सोलहेम सहित कई संस्थाएं समर्थन कर रही हैं। उमा व्यास ने बताया कि अभियान में संस्थान स्वयं सेवक डोर टू डोर जाकर लोगों से प्लास्टिक, रद्दी, फर्नीचर, कपड़े जैसे अनुपयोगी सामग्री प्राप्त करेंगे और बदले में पौधा देंगे। अनुपयोगी सामग्री को यथा संभव तैयार कराकर जरूरतमंद परिवारों को दिया जाएगा। यह ऑफर दिवाली तक चलेगा और इसके लिए संस्थान की ओर से व्हाट्सएप नंबर 9828611108 जारी किया गया है, जिस पर पता, लोकेशन और सामान की सूची भेजी जा सकती है।

### जयपुर में होगा मिस एंड मिसेज इंडिया ग्लैम



**बेधड़क. जयपुर।** मिस एंड मिसेज इंडिया ग्लैम के 5वें सीजन के लिए 3 नवंबर को वैशाली नगर स्थित रोसाडो में फर्स्ट टैलेंट राउंड व ऑडिशन होंगे। जयपुर सहित देश के विभिन्न शहरों से गर्ल्स व लेडीज हिस्सा लेंगी। आर.के.इवेंट की ओर से रविसूर्या ग्रुप व अनंता रिसॉर्ट जयपुर के सहयोग से होने वाले इस सीजन आयोजन 28 से 31 दिसंबर तक अनंता रिसोर्ट में किया जाएगा। इंडिया ग्लैम ऑर्गेनाइजेशन फाउंडर डायरेक्टर पवन टांक ने बताया कि वुमन्स एम्पावरमेंट व इंडियन ब्यूटी को प्रमोट करने के उद्देश्य से शुरू किए गए मिस एंड मिसेज कैटेगरी में होने वाले कॉन्टेस्ट के लिए देश भर से फ्री रजिस्ट्रेशन लिए जा रहे हैं।

## राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स में कार्यक्रम का आयोजन

# पत्रकार मणिमाला अमृता प्रीतम पोइट्री पुरस्कार से सम्मानित



**बेधड़क | जयपुर**

वरिष्ठ पत्रकार मणिमाला शर्मा को अमृता प्रीतम पोइट्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। स्त्रियों और उनके मुद्दों पर लिखी गई कविताओं के लिए उनको यह सम्मान प्रदान किया गया है। राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स के भैरोंसिंह सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मणिमाला शर्मा को मेडल, प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। विश्व रचनाकार मंच और अंतरराष्ट्रीय महिला मंच के तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्थापक और साहित्यकार राघवेंद्र ठाकुर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवयित्री एवं बाल साहित्यकार सुशीला शर्मा थीं। गौरतलब है कि मणिमाला पत्रकारिता के साथ साथ कविताओं और कहानियों के माध्यम से भी समय समय पर अपने विचार सबके सामने रखती रहती हैं। समारोह में अमृता प्रीतम कवयित्री विशेषांक का भी लोकार्पण किया गया। इस विशेषांक में कई राज्यों की महिला रचनाकारों की रचनाओं का संकलन किया गया है। समारोह में राजस्थान के अलावा देश के दूसरे राज्यों से भी लेखक और साहित्यकार शामिल हुए थे। समारोह में वरिष्ठ कवयित्रियों के सम्मान के अतिरिक्त देश के कई राज्यों के विशेष चयनित शिक्षकों का भी अभिनंदन किया गया।

## इनविंसिबल झालानी टीम रही उपविजेता

# JYWS प्रीमियर क्रिकेट लीग में रीगल स्ट्राइकर्स टीम विजेता



**बेधड़क | जयपुर**

ज्वेलर्स यूथ एंड वेलफेयर सोसायटी की ओर से आयोजित जेवाईडब्ल्यूएस प्रीमियर क्रिकेट लीग प्रतियोगिता में कई रोचक मुकाबले देखने को मिले।

लीग में रीगल स्ट्राइकर्स की टीम विजेता रही तो इनविंसिबल झालानी टीम उपविजेता रही। खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट में प्लेयर ऑफ दी टूर्नामेंट दक्ष झालानी रहे तो बेस्ट बोलर समित बारोडिया, बेस्ट बल्लेबाज का खिताब वैभव धांधिया के नाम रहा।

सोसायटी अध्यक्ष नरेश अग्रोया ने बताया कि लीग में 12 टीमों ने भाग लिया। 2 दिवसीय टूर्नामेंट में 36 मैच एसजे पब्लिक स्कूल ग्राउंड में खेले गए, जहां विजेता टीम को पुरस्कार के तौर पर 1 लाख 51 हजार का पुरस्कार दिया गया। वहीं उपविजेता टीम को 81 हजार, प्लेयर ऑफ दी टूर्नामेंट को 21 हजार, बेस्ट बोलर को 11 हजार दिए गए। सोसायटी सेक्रटी यशेष ताम्बी, रूपेश ताम्बी, प्रतीक लुहाड़िया, चंदन जैन और कृष्ण मोहन सोखिया ने बताया कि पहले खेलते हुए इनविंसिबल झालानी टीम ने 5 विकेट खोकर 72 रन बनाए और इसके जवाब में रीगल स्ट्राइकर्स की टीम ने एक विकेट गंवाकर 74 बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।

**लोकरंग** जवाहर कला केंद्र में छह राज्यों से आए लोक कलाकारों ने जमाया रंग

# लोक विधाओं की मनमोहक प्रस्तुतियों से सजी महफिल

**बेधड़क | जयपुर**

जवाहर कला केंद्र की ओर से आयोजित लोकरंग महोत्सव ने गुलाबी नगरी को लोक संस्कृति के रंग में रंग दिया है। महोत्सव में हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी खास रही तो लोक विधाओं की प्रस्तुतियों ने मेले को खास बनाया। राष्ट्रीय लोक नृत्य समारोह में 6 राज्यों की 10 लोक विधाओं की प्रस्तुति हुई।

शिल्पग्राम में शहनाई और नगाड़ों की धुन के साथ लोगों का स्वागत किया गया। यहां बहुरूपिया, नट, कठपुतली




ध्यान अपनी ओर खींचते नजर आए। मुख्य मंच पर कुचामनी ख्याल, भपंग, कालबेलिया, चरी नृत्य व अन्य प्रस्तुतियां हुई। तमिलनाडु के वाद्य वृंद 'नयनादिमेलम' की प्रस्तुति से शुरुआत हुई। नयनादिमेलम मंगलकामानाओं की सूचक विधा है और प्रदेश में लोक सांस्कृतिक प्रस्तुति का आगाज इसी से होता है। नादस्वरम, तविल और पम्बई जैसे वाद्ययंत्रों की धुन इसमें समावेशित होती हैं। गुजराती कलाकारों की थाली रास प्रस्तुति ने माहौल को कृष्णमय कर दिया। शेखावाटी की शान चंग ने ध्यान आकर्षित किया। गुजरात के सौराष्ट्र में होने वाले रासड़ो और हरियाणा के फाग के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ा।





## मैक्सिको: दक्षिणी प्रशांत तटीय क्षेत्र में चक्रवात 'ओटिस' में 48 की मौत

# 36 लापता... तलाश और रेस्क्यू जारी





**अकापुल्को (मैक्सिको)।** मैक्सिको के दक्षिणी प्रशांत तटीय क्षेत्र में चक्रवात 'ओटिस' के प्रभाव के कारण कम से कम 48 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से अधिकतर की जान अकापुल्को में गई। मैक्सिको की नागरिक रक्षा एजेंसी ने एक बयान में कहा कि मृतकों में से 43 अकापुल्को शहर से और 5 पास के कोयुका दे बिनेतेज शहर से हैं। गुएरेरो राज्य के गवर्नर ने इससे पहले लापता लोगों की संख्या 10 बताई थी जो बढ़कर अब 36 हो गई है। अधिकारियों ने शनिवार को मृतक संख्या 39 बताई थी जिसके बाद इसमें फिर से इजाफा हुआ है।




## 600 हमले और पूरे शहर पर छाया धुआं

# अब तक आठ हजार मौतें

**एजेंसी** | दीर अल बलाह (गाजा पट्टी)

इजराइल और हमास के बीच जारी जंग का आज 24वां दिन है। इस बीच यहूदी देश ने अब गाजा पट्टी पर जमीनी हमले भी बढ़ा दिए हैं और अपने टैंकों को गाजा के बाहरी इलाके में घुसा दिया है। एक तरफ आसमान से इजरायल मिसाइलें दाग रहा है तो वहीं जमीन पर टैंक गरज रहे हैं।

यही नहीं अस्पतालों तक को इजराइल यह कहते हुए निशाना बना रहा है कि इनका इस्तेमाल हमास अपने ठिकानों के तौर पर कर रहा है।

गाजा के तेल अल-हवा इलाके में धुएं का गुबार देखा गया है। इजराइली सेना के प्रवक्ता ने भी बताया कि हमने बीते 24 घंटे में हमास के 600 ठिकानों पर अटैक किए हैं। इस बीच, गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि युद्ध के बाद से गाजा में शनिवार तक आठ हजार से ज्यादा फिलस्तीनी मारे गए हैं। उसने बताया कि मारे गए लोगों में 3,300 से अधिक नाबालिग और 2,000 से अधिक महिलाएं शामिल हैं।



### मृतकों में आधे से ज्यादा बच्चे

इजराइली सेना ने चेतावनी दी थी कि यहां मौजूद लोग दक्षिणी इलाके में चले जाए। बीते कुछ ही दिनों में गाजा पट्टी से लाखों लोगों ने पलायन किया है। फिलिस्तीनी अथॉरिटीज का कहना है कि इजराइल के हमलों में अब तक मारे गए लोगों में आधे से ज्यादा तो बच्चे ही थे। वहीं इजरायल का दावा है कि वह अब तक 100 से ज्यादा हमास के खूंखार लड़ाके मार चुका है।

### लोग छिप रहे हैं जान बचाने को

इधर, गाजा शहर के जायतून जिले में इजराइली सेना के टैंक घुस गए हैं। जो हमले कर रहे हैं। इन हमलों के बाद पूरे गाजा में ही खतरा पैदा हो गया है और लोग अपनी जान बचाने को जहां-तहां छिपते फिर रहे हैं। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि इजराइल की सेना के हमलों से जायतून जिले से संपर्क खत्म हो गया है। अब वहां कोई गाड़ी नहीं जा सकती है। दरअसल, इजराइल ने कई बार गाजा पट्टी पर बसे 11 लाख लोगों को वहां से निकलने की चेतावनी दी थी।

## 3 महिला बंधकों का वीडियो जारी

**खान यूनिस (गाजा पट्टी)।** फिलिस्तीन के उग्रवादी संगठन हमास ने सात अक्टूबर को इजराइल पर हमले के दौरान पकड़ी गईं तीन महिला बंधकों को दिखाने के मकसद से एक वीडियो जारी किया है। महिलाओं में से एक ने संभवतः दबाव में बंधक संकट पर इजराइल की प्रतिक्रिया की आलोचना करते हुए एक संक्षिप्त बयान दिया।

## मचान से गिरे पांच श्रमिकों की मौत

**बर्लिन।** जर्मनी के हैम्बर्ग में एक निर्माण स्थल पर कई श्रमिक सोमवार को मचान से गिर गए, जिनमें से पांच लोगों की मौत हो गई। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। जर्मनी के दूसरे सबसे बड़े शहर की अग्निशमन सेवा ने बताया कि यह दुर्घटना हाफेनसिटी जिले में हुई। हाफेनसिटी एल्बे नदी पर एक पूर्व बंदरगाह क्षेत्र है, जहां पुनर्विकास के तहत कार्यालय, आवासीय भवनों, होटल और दुकानों का निर्माण किया जा रहा है।

## पाकिस्तान: अवैध प्रवासियों को दी डेडलाइन खत्म

# कल से कर देंगे निकालना शुरू

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

अफगानिस्तान के 17 लाख नागरिकों समेत सभी अवैध प्रवासियों के पाकिस्तान छोड़कर जाने की समय सीमा नजदीक आने पर अंतरिम गृह मंत्री सरफराज बुगती ने सोमवार को कहा कि अगर ये परदेसी खुद देश छोड़कर नहीं जाते हैं तो कार्यवाहक सरकार उन्हें चरणबद्ध तरीके से निकालना शुरू करेगी। पाकिस्तान ने इस महीने अवैध प्रवासियों के देश छोड़कर जाने के लिए 31 अक्टूबर की समय सीमा की घोषणा की थी।



मीडिया ने बुगती के हवाले से कहा, 'एक नवंबर के बाद सरकार परदेसियों को चरणबद्ध तरीके से निकालने का अपना अभियान शुरू करेगी।' बुगती ने पुष्टि की है कि पिछले तीन दिन में 20,000 से अधिक अवैध विदेशी पाकिस्तान छोड़कर चले गए हैं। प्रांतीय सरकारें अवैध विदेशियों के खिलाफ अभियान चलाएंगी। उन्होंने कहा, 'मंडल और जिला स्तर पर समितियों का गठन किया गया है।'




## स्पॉन्ज बम: इजराइल का नया हथियार

# सुरंगों में छिपे आतंकी बनेंगे पत्थर!

■ बम में दो केमिकल होते हैं जमा देने वाले

**एजेंसी** | यरुशलम

इजराइल को शक है कि गाजा पट्टी में मौजूद हमास आतंकी सुरंगों में छिपे हैं। अब उसने सुरंगों को ही आतंकियों की कब्र बनाने का हथियार खोज निकाला है। ये एक खास बम है। इसके विस्फोट से धमाका नहीं होता, लेकिन ये जहां फटता है, वहां ढेर सारा झाग निकलता है, जो बाद में पत्थर की तरह सख्त हो जाता है यानी जो जद में आया वही पत्थर बन जाएगा। इजराइली डिफेंस फोर्सेस (आईडीएफ) के लिए सबसे बड़ी चुनौती इन सुरंगों को बंद करना है, क्योंकि इनका फायदा उठाकर हमास आतंकी भाग निकलते हैं। छिपकर गोरिल्ला वॉर करते हैं।



### प्लास्टिक की बोरी में होता है बम

स्पॉन्ज बम एक प्लास्टिक की बोरी में होता है, जिसमें दो अलग-अलग केमिकल होते हैं। इन केमिकल को एक धातु की प्लेट या रॉड से अलग रखा जाता है। जैसे ही ये रॉड हटाया जाता है, वैसे ही केमिकल आपस में रिएक्ट करके एक झाग वाला लिक्विड इमल्शन बनाते हैं। जो हवा के संपर्क में आते ही तेजी से फैलता है। सख्त होता चला जाता है। ये इतनी तेजी से फैलता है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए सुरंगों को जल्दी से बंद किया जा सकता है।

### वहीं से रॉकेट दागते हैं आतंकी

इन्हीं सुरंगों में हमास आतंकी छिपते हैं, अपने हथियार छिपाते हैं, वहीं से रॉकेट दागते हैं। रॉकेट और हथियारों के जखीरे को स्टोर करते हैं। इजराइली ग्राउंड अटैक के दौरान सबसे बड़ा काम अब यही है कि सुरंगों को बंद किया जाए। अब साधारण मिट्टी या कॉन्क्रीट से सुरंगों को बंद करने में काफी ज्यादा समय और पैसे की बर्बादी होगी। इसलिए इजराइल स्पॉन्ज बम का इस्तेमाल करने जा रहा है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl